**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।

28.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

# राष्ट्रपति के हाथों नवाजे जाएंगे 8 गोल्ड मेडलिस्ट छात्र, दो वैज्ञानिक

## द्रौपदी मुर्मू का स्वागत करने के लिए आईवीआरआई का स्वामी विवेकानंद सभागार सज-धजकर तैयार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के स्वागत के लिए भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) का स्वामी विवेकानंद सभागार सज-धजकर तैयार हो गया। राष्ट्रपति यहां 11वें दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को डिग्री और उपाधियां प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 8 छात्रों को अपने हाथों से गोल्ड मेडल और दो वैज्ञानिकों को उपाधि देकर सम्मानित करेंगी। इसके बाद उनका संबोधन भी होगा।

- **आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में आज 369 छात्रों को डिग्री और 207 को मिलेगी उपाधि**

आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि समारोह में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट और उपमहानिदेशक डॉ. राघवेंद्र भट्ट भी मौजूद रहेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन की वजह से स्वामी विवेकानंद सभागार में दिल्ली से आई विशेष टीम और स्थानीय प्रशासन के उच्चाधिकारियों की निगरानी में व्यवस्थाएं चाक चौबंद की गईं। दीक्षांत समारोह में 369 छात्रों को डिग्री और 207 को उपाधि से नवाजा जाएगा। विभिन्न कमेटियों के निर्देशन में छात्रों और वैज्ञानिकों ने रविवार को समारोह का पूर्वाभ्यास भी किया। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने भी सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही कुछ जरूरी निर्देश भी दिए।



सजावट होने के बाद दीक्षांत समारोह के लिए तैयार हुआ स्वामी विवेकानंद सभागार।

### 576 छात्र-छात्राओं को डिग्री, उपाधि दी जाएगी

आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि दीक्षांत समारोह में 2021-22, 22-23 और 23-24 के 576 छात्र-छात्राओं को डिग्री और उपाधि प्रदान की जाएगी। इनमें बीवीएससी के दो, एमवीएससी के तीन और पीएचडी के तीन मेधावियों को राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल दिया जाएगा। कार्यक्रम की पूरी तैयारियां हो चुकी हैं। पिछले चार दिनों से आईवीआरआई के वैज्ञानिकों के निर्देशन में विभिन्न कमेटियां बनाकर समारोह को भव्य बनाने का रिहर्सल किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद सभागार में सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सभी छात्र, वैज्ञानिक और शहर के गणमान्य को उपस्थित होने की जानकारी दी जा चुकी है।



समारोह की तैयारियां परखते आईवीआरआई के निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य। ● अमृत विचार

### इस तरह से कार्यक्रम की होगी शुरुआत

संस्थान के ज्वाइंट डायरेक्टर शैक्षणिक ने बताया कि दीक्षांत समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और उसके बाद राष्ट्रगान से होगी। कार्यक्रम के शुरुआत में निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त संस्थान की अब तक की उपलब्धियों के बारे में बताएंगे। साथ ही कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में हुए शोध, संस्थान की ओर से विकसित किए गए टीके, नैदानिक आदि के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही किसानों की आय को दोगुने करने के उद्देश्य से संस्थान के द्वारा किए गए प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।



### दो वैज्ञानिकों को मिलेगी डॉक्टरेट की उपाधि

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हाथों दो वैज्ञानिकों को डॉक्टरेट से भी सम्मानित किया जाएगा। इनमें कृषि एवं प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आईसीएआर के डीजी डॉ. मांगी लाल जाट को यह सम्मान दिया जाएगा। वहीं इंफाल स्थित सीएयू के चांसलर व चेयरपर्सन प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने के लिए डॉक्टरेट से नवाजा जाएगा।

### इन आठ छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा गोल्ड मेडल

बरेली : आईवीआरआई के निदेशक ने बताया कि 11वें दीक्षांत समारोह में आठ छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल दिया जाएगा। ये सभी अपने बैच के टॉपर हैं। इनमें डॉक्टोरल डिग्री प्रोग्राम के लिए 2021-22 बैच के डॉ. राजकुमार पटेल, 22-23 बैच के लिए डॉ. मेघा शर्मा और 2023-24 के लिए डॉ. अमिथा बानू का नाम शामिल हैं। मास्टर डिग्री प्रोग्राम के लिए 2021-22 बैच के डॉ. नवजोत सिंह ठाकुर, 22-23 के लिए डॉ. सेलस सीएस और 23-24 के लिए डॉ. खुशबू चौधरी का नाम चयनित किया गया है। वहीं, बैचलर डिग्री में शैक्षिक साल 2023 के लिए डॉ. तान्या चौधरी और साल 2024 के लिए डॉ. अतुल प्रताप सिंह को राष्ट्रपति के हाथों गोल्ड मेडल मिलेगा।



ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में निर्देश देते एसपी सुभाष गंगवार। ● अमृत विचार

## बरेली में आज साढ़े तीन घंटे रहेंगे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

**बरेली, अमृत विचार:** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए आ रहे कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को साढ़े तीन घंटे तक बरेली में रहेंगे। कृषि मंत्री का विमान सुबह 9:50 पर त्रिशूल एयरपोर्ट पर उतरेगा।

दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद शिवराज सिंह चौहान करीब एक घंटे तक आईवीआरआई परिसर में ही रहेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह वेटरनरी वैज्ञानिकों के साथ पशुपालन और कृषि के क्षेत्र में हो रहे कार्यों पर चर्चा करेंगे और कुछ जरूरी निर्देश भी देंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे वह सड़क मार्ग से रामपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।




## स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रवेश को चार गेट बनाए गए

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई परिसर में स्वामी विवेकानंद सभागार में प्रवेश के लिए चार गेट बनाए गए हैं। पूर्वी गेट को ही वीवीआईपी गेट बनाया है। यहीं से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार दीक्षांत समारोह में प्रवेश करेंगे।

उत्तरी गेट से केंद्रीय मंत्री, राज्य के मंत्री, सांसद और विधायक समारोह में पहुंचेंगे। जबकि पश्चिमी गेट से छात्र-छात्राओं की इंट्री होगी। चौथे गेट से अफसर, आईवीआरआई कैंपस के वैज्ञानिक आदि समारोह में प्रवेश करेंगे। स्वामी विवेकानंद सभागार में 700 लोगों के बैठने की क्षमता है, इसमें 576 बच्चे बैठेंगे। इनके अलावा राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, राज्यपाल के साथ आए अफसर, आईवीआरआई के प्रमुख वैज्ञानिक, स्थानीय अफसरों को इंट्री दी गई है। आईवीआरआई के पीआरओ सतीश जोशी ने बताया कि सभागार की क्षमता ज्यादा नहीं होने की वजह से डिग्री और उपाधि लेने के लिए पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को समारोह में नहीं बुलाया है।



सभागार में बनाए गए गेट।

## वैज्ञानिक हत्याकांड खुलासे को राज्यमंत्री ने एसएसपी को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा की वर्ष 2015 में कैंपस में स्थित उनके आवास पर हुई थी हत्या**
- **आईवीआरआई के निदेशक के पूर्व निजी सचिव एके गुप्ता ने कहा कि आईवीआरआई में 2011-12 में हुए घोटाले के अहम गवाह थे डॉ. दीपक शर्मा**

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा की हत्या का राज पुलिस अब तक नहीं खोल सकी है। संस्थान के निदेशक के पूर्व निजी सचिव एके गुप्ता ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ट्वीट करके खुलासे की मांग की थी। अब प्रकरण में राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को वरिष्ठ वैज्ञानिक की हत्या का खुलासा कराने के संबंध में पत्र लिखा है।

राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को 12 मई को पत्र भेजा था। पत्र में लिखा कि संस्थान के निदेशक के पूर्व निजी सचिव अशोक कुमार गुप्ता उनसे कहा कि दस्तावेजी सबूतों के आधार पर वैज्ञानिक डा. दीपक शर्मा की हत्या का राज खोला जा सकता है। राज्यमंत्री ने एसएसपी से कहा है कि इस प्रकरण का खुलासा करने के लिए किसी उच्चाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए, जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सके।

**आईवीआरआई कैंपस में हुई थी हत्या :** आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा कैंपस में स्थित अपने आवास में रहते थे। 28 जुलाई 2015 की रात को उनकी हत्या कर दी गई थी। जिस रात डॉ. दीपक शर्मा अपने घर में थे। उस रात उनकी मां सुशीला देवी और नौकरानी दीपा भी घर पर थीं। रात में दो लोग डॉ. दीपक शर्मा से मिलने के लिए आए थे। बातों बातों में डॉ. दीपक का उन लोगों से विवाद हो गया था। दोनों ने घर में रखी कैंची से डॉ. शर्मा पर नौ वार करके उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। कातिलों ने घटना के बाद उनकी मां और नौकरानी को बाथरूम में बंद कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद काफी देर तक कातिल उनका घर खंगालते रहे। इसके बाद वहां से भाग गए।

### 2018 में दोबारा शुरू हुई थी मामले की जांच

इस प्रकरण के खुलासे में इज्जतनगर पुलिस पूरी तरह नाकाम रही थी। जब खुलासा नहीं हुआ। तब इज्जतनगर पुलिस ने इस प्रकरण में एफआर लगाकर फाइल बंद कर दी। इसके बाद जब लगातार शिकायतों का दौर शुरू हुआ तो एक बार फिर से अधिकारियों ने जांच के लिए निर्देश दिए। फरवरी 2018 में केस की फाइल दोबारा खोली गई और जांच प्रेमनगर पुलिस को सौंपी गई थी, लेकिन प्रेमनगर पुलिस भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। अब इस मामले की फिर से जांच कराने की मांग उठने लगी है।




# राष्ट्रपति दौरा : आईवीआरआई में दिनभर चला रिहर्सल, सुरक्षा के किए गए जबर्दस्त इंतजाम

## डी- ब्रिफिंग कर एसएसपी ने ड्यूटी में तैनात किए गए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए कड़े दिशा निर्देश

## सीएम योगी एक घंटा पहले पहुंचेंगे, जनप्रतिनिधियों से विकास पर करेंगे चर्चा

**बरेली, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एयरफोर्स हवाई अड्डे पर पहुंचने से करीब एक घंटा पहले पहुंच जाएंगे।



इस दौरान जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के साथ शहर के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार के साथ सभी भाजपा विधायक, मेयर और जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंचेंगे। प्रभारी अधिकारी वीआईपी अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 8.50 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री का समय 8.50 बजे से लेकर 9.50 बजे तक आरक्षित रखा गया है। वह राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे और समारोह में शामिल होंगे।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल से कार्यक्रम स्थल तक फ्लीट का रिहर्सल किया
- चप्पे चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस, आमजनों के लिए आठ घंटे बंद रहेगा आईवीआरआई रोड

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के दौरे के मद्देनजर रविवार को सुबह से देर शाम तक भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) कैंपस में रिहर्सल और तैयारियों का दौर चला। दिल्ली, लखनऊ से आए सेना, एजेंसियों के अफसरों ने स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के साथ कार्यक्रम स्थल स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में तैयारियों का जायजा लिया। इसके बाद अफसरों ने ऑडिटोरियम के मंच और एयरफोर्स के त्रिशूल हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक फ्लीट के साथ रिहर्सल किया। शाम को डी ब्रीफिंग कर ड्यूटी में तैनात रहने वाले पुलिस अफसरों से लेकर पुलिस जवानों को मुस्तैदी से सुरक्षा करने के निर्देश दिए। आमजनों के लिए आईवीआरआई रोड सोमवार को भोर से लेकर दोपहर बाद तक बंद रहेगा।

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में सोमवार को 11 वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। इसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के अलावा राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए यहां पहुंचेंगे। वीवीआईपी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने रविवार को दिन भर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल से कार्यक्रम स्थल तक फ्लीट का रिहर्सल किया।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में रविवार को सबसे पहले एयरफोर्स के त्रिशूल हवाई अड्डे से लेकर आईवीआरआई मंच तक राष्ट्रपति को लाने के लिए फिलीट का रिहर्सल किया गया।

जगह-जगह पुलिस कर्मियों को मुस्तैद करके सुरक्षा व्यवस्था को अधिकारियों ने परखा और अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी एसपी सिटी मानुष पारीक की देखरेख में पुलिस कर्मियों ने ड्यूटी का रिहर्सल किया। रिहर्सल के दौरान एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस अधिकारियों व सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों की मुस्तैदी को परखा। रिहर्सल के दौरान वीवीआईपी आगमन से संबंधित सभी तैयारियों का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। इसमें सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। इस दौरान एसपी सिटी मानुष पारीक, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



दीक्षांत समारोह से पहले छात्र-छात्राओं का रिहर्सल कराते पुलिस और प्रशासन के अधिकारी। • अमृत विचार

### दीक्षांत समारोह के मंच पर जाने के लिए छात्रों की रिहर्सल कराई

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई के स्वामी विवेकानंद सभागार में दीक्षांत समारोह से पहले रविवार को छात्रों की रिहर्सल कराई गई। उन्हें बताया गया कि सब कुछ निर्धारित समय पर करना जरूरी है। संस्थान के निदेशक त्रिवेणी दत्त ने बताया कि जिन छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों उपाधि दी जानी हैं, उनके साथ उपाधियां और पुरस्कार वितरण के दौरान होने वाली गतिविधियों को लेकर रिहर्सल किया गया। छात्रों को बताया गया कि वह मंच पर उपाधि लेने के लिए किस तरफ से जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्हें किन-किन चीजों को ध्यान में रखना है। जानकारी देने के साथ ड्रेस को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए। निदेशक ने बताया कि दीक्षांत समारोह की तैयारियां पूरी हो

### ड्यूटी के दौरान रहें विशेष सतर्क

डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने मंच पर राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसएसपी ने डी ब्रीफिंग करके पुलिस अधिकारियों को मंच की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, आपातकालीन सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी दी। एसएसपी ने सभी को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था में कहीं पर भी किसी तरह की चूक नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को डी-ब्रीफिंग के दौरान उच्चतम सुरक्षा श्रेणी को देखते हुए समस्त ड्यूटियों एवं रूट व्यवस्था के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बनाए गए विभिन्न प्वाइंटों पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण को सतर्क रहने के निर्देश दिए।






राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों के दौरान त्रिशूल हवाई अड्डे से आईवीआरआई परिसर तक निकाली फ्लीट। • अमृत विचार

# द्रौपदी मुर्मू के बरेली दौरे की कमान संभालेंगे दो आईएएस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हवाई अड्डे पर बीडीए उपाध्यक्ष मणिकंडन ए और ऑडिटोरियम में नगर आयुक्त को जिम्मेदारी
- कार्यक्रम में महिला आईएएस और पीसीएस अफसरों की ड्यूटी लगाई गई

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सोमवार सुबह आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने पहुंचने के कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई हैं। राष्ट्रपति के त्रिशूल एयरफोर्स व आईवीआरआई के ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह की कमान दो आईएएस अफसरों को सौंपी गई है। इसमें एयरफोर्स में स्वागत और विदाई के दौरान बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मणिकंडन तैनात रहेंगे, जबकि ऑडिटोरियम के अंदर समारोह कार्यक्रम की तैयारियों का जिम्मा नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य संभालेंगे।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति को कार्यक्रम के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके मद्देनजर एक महिला आईएएस और आधा दर्जन महिला पीसीएस अफसरों की ड्यूटी भी ऑडिटोरियम के अंदर लगाई गई है। सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, बहेड़ी एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, मीरगंज एसडीएम दीप्ति, विदुषी सिंह आदि महिला अफसरों को तैनात किया है। इनके अलावा एयरफोर्स से लेकर आईवीआरआई के अंदर और बाहर मंडलभर के 40 से ज्यादा आईएएस और पीसीएस अफसरों की तैनाती की गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो सके।

### राष्ट्रपति मुर्मू एक घंटा 40 मिनट नाथनगरी में रहेंगी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बरेली नाथनगरी में करीब एक घंटा 40 मिनट तक रहेंगी। इस दौरान तक शहर की फिजां बदली रहेगी। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति सुबह 9 .50 बजे एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल पहुंचेंगी। इसके बाद मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित अफसरों के काफिले संग करीब 10 बजे एयरफोर्स से आईवीआरआई के लिए कार से प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति का सुबह 10 .10 बजे से लेकर 10 .20 तक यानि करीब 10 मिनट का समय आरक्षित रखा गया है। इसके बाद राष्ट्रपति 10 .20 से लेकर 11 .10 बजे तक आईवीआरआई (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। करीब 11 .30 बजे राष्ट्रपति को लेकर बीबीजे वायुयान एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल से गोरखपुर के लिए उड़ान भरेगा।

### राष्ट्रपति संग दिल्ली से ही 40 से ज्यादा अफसर आएंगे

राष्ट्रपति संग दिल्ली से ही विभिन्न पदों पर तैनात सीनियर आईएएस, एयरफोर्स और सेना के अफसर सहित 40 अधिकारी आएंगे। सभी अफसरों की सूची सूची बरेली पहुंच गई है। इसमें कई सेना के कैप्टन भी शामिल हैं। बताते हैं कि राष्ट्रपति का जिस शहर में दौरा रहता है, वहां उनके साथ राष्ट्रपति भवन के प्रमुख अधिकारी भी आते हैं।



राष्ट्रपति दौरे के लिए सजाया गया डमरू चौराहा। • अमृत विचार

### स्वागत में डमरू चौराहे को विशेष रूप से सजाया

**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पहली बार सोमवार को शहर में आगमन होगा। इसको लेकर नगर निगम ने शहर को विशेष रूप से सजाया है। कुछ प्रमुख सड़कों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई, रंगाई-पुताई और लाइटिंग का कार्य किया गया है, ताकि शहर का सौंदर्य बढ़ाया जा सके। राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुए आदिनाथ डमरू चौराहा, गांधी उद्यान, आईवीआरआई रोड सहित अन्य जगहों पर विशेष अभियान चलाया गया है। वहीं सड़क के किनारे अव्यवस्थित केबल हटाए गए हैं, फुटपाथों को दुरुस्त किया गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि राष्ट्रपति का स्वागत शहर के लिए गौरव की बात है और ऐसे में नगर निगम ने पूरी तैयारी की है। शहर की सुंदरता और स्वच्छता पर खास जोर दिया है।

### राज्यपाल करीब 30 मिनट पहले एयरफोर्स पहुंचेंगी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राष्ट्रपति के पहुंचने से करीब आधे घंटे पहले त्रिशूल एयरफोर्स हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। जारी हुए कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से 8 .50 बजे उड़कर करीब 9 .20 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। राज्यपाल का समय 9 .50 बजे तक आरक्षित रखा गया है। इसके बाद राष्ट्रपति के पहुंचने पर राज्यपाल उनका स्वागत करेंगी। 9 .50 बजे से लेकर 12 .55 बजे तक राज्यपाल राष्ट्रपति के साथ रहेंगी। बरेली से गोरखपुर भी उनके साथ ही जाएंगी।

### राष्ट्रपति नाश्ते में लेंगी ड्राई फ्रूट्स और जूस

आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को सुबह करीब 10 .15 बजे शामिल होंगी। आईवीआरआई में ही राष्ट्रपति सुबह का नाश्ता करेंगी। राष्ट्रपति नाश्ते में ड्राई फ्रूट्स और जूस लेंगी। वहीं राष्ट्रपति के चाय और कॉफी भी पेश की जाएगी। सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम राष्ट्रपति को नाश्ते में परोसे जाने वाले सभी खाद्य और पेय पदार्थों की तीन बार जांच करेगी।

**राष्ट्रपति के लिए ओ पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड आरक्षित :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है। प्रोटोकॉल के अनुपालन में शहर में बनाए गए सेफ हाउस में ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप यूनिटों को आरक्षित कर दिया गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की चार टीमें भी राष्ट्रपति के काफिले और कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहेंगी। इन टीमों में एक एएलएस समेत अन्य एंबुलेंस भी शामिल हैं।



मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरूवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
• हिस्टीरिया, मिर्गी
• सिर दर्द, माइग्रेन
• डिप्रेशन, घबराहट
• पागलपन
• बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
• शीघ्र पतन, तनाव न आना
• स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
• नशे की आदत
• याद्दाश्त कम होना, डिमेशिया
• बच्चों में चंचलता
• बिस्तर गीला करना
• नींद न आना, ज्यादा आना
• बार-बार हाथ धोना OCD
दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।
संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# विद्यालयों के विलय पर शिक्षकों समेत कई संगठनों का हल्ला बोल

## गांधी उद्यान में बैठक में मांगों के लिए शिक्षा बचाओ मोर्चा बरेली का किया गठन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों के विलय को लेकर शिक्षक संघों के साथ ट्रेड यूनियन समेत कई अन्य संगठनों ने विरोध तेज कर दिया है। विभिन्न संगठनों ने रविवार को गांधी उद्यान में बैठक कर शिक्षा बचाओ मोर्चा बरेली का गठन करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। इसमें तय किया गया कि अपनी मांगों को लेकर 4 जुलाई को बाइक रैली और 8 जुलाई को डीएम को ज्ञापन दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नरेश गंगवार ने कहा कि सरकार की नीति से बरेली जिले में 617 प्राइमरी और जूनियर स्कूल बंद हो जाएंगे। यह वर्तमान पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों पर हमला है। इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। अभी जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ज्ञापन दिया जा रहा है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूलों का विलय असल में शिक्षा पर किया गया हमला है। इसके खिलाफ


गांधी उद्यान में मौजूद शिक्षक समेत अन्य संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

साझा संघर्ष किए जाने की जरूरत है। अन्य संगठनों और ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्षों से भी बात करने की जरूरत है।

यूटा के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि यूपी सरकार का यह फैसला काले दिनों में गिना जाएगा। यह बच्चों के भविष्य को धूमिल करने का निर्णय है। यह शिक्षा के अधिकार का भी उल्लंघन है। यह सरकार की सोची समझी रणनीति है। इसके खिलाफ कोर्ट में भी अपील की जाएगी और साथ ही संयुक्त तौर पर संघर्ष को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला कोषाध्यक्ष परीक्षित गंगवार ने कहा कि सरकार का यह कदम शिक्षा और शिक्षक दोनों पर हमला है। इसका सभी को एकजुट होकर विरोध करने की जरूरत है। इंकलाबी मजदूर केंद्र के शहर सचिव ध्यान चंद्र मौर्य ने कहा कि योगी सरकार का यह फैसला समाज विरोधी है। परिवर्तनकामी छात्र संगठन के शहर सचिव कैलाश ने कहा कि सरकार का यह फैसला कोरोना काल में लागू छात्र विरोधी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ही हिस्सा है। इस फैसले के लागू होने से गरीब वंचित तबके के छात्र शिक्षा से दूर होते जाएंगे।

बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार मजदूर-कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है।

**● 4 जुलाई को बाइक रैली व 8 जुलाई को डीएम को दिया जाएगा ज्ञापन**

अब शिक्षा पर भी योगी सरकार ने हमला बोला है। कोई भी विभाग सरकार के इन हमलों से अछूता नहीं है। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल मंत्री केसी पटेल ने कहा कि सरकार पढ़ाई के साधन बंद करने से जनता के एक हिस्से को निरक्षर रखना चाहती है। क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के सचिव फैसल ने कहा कि अब सरकार लगातार अपने नागरिक और सामाजिक दायित्वों-कर्तव्यों से पीछे हट रही है। हमें एकजुट संघर्ष से सरकार की इस मंशा को नाकामयाब करना होगा। बैठक का संचालन बरेली ट्रेड यूनियन फेडरेशन के उप महामंत्री ललित ने किया। अंत में निर्णय लिया गया कि सरकार के शिक्षा विरोधी फैसले के खिलाफ मांगे पूरी नहीं होने तक एकजुट होकर संघर्ष किया जाएगा। हेमंत कुमार, राज, सुनील कोली, हेमंत मौर्य, देवराज, सतेंद्र पाल, किशोर मौर्य, विनोद कुमा, नरेश पाल सिंह, पुष्पराज सिंह, परीक्षित गंगवार आदि लोग शामिल रहे।

## जन औषधि केंद्र का इंतजार कर रहीं पांच सहकारी समितियां

**बरेली, अमृत विचार :** साधन सहकारी समितियों (बी-पैक्स) पर गांव के लोगों को सस्ती दर पर दवाएं मिलने का सपना अभी दूर है। इसके लिए सहकारिता विभाग की तरफ से करीब डेढ़ साल से कवायद चल रही है। विभाग की मानें तो ड्रग लाइसेंस तो सभी समितियों के लिए जारी हो गए हैं लेकिन स्टोर कोड सिर्फ एक समिति को मिलने से कहीं भी जन औषधि केंद्र शुरू नहीं हो सके हैं।

अधिकारियों के अनुसार शासन से जिले की पांच सहकारी समितियों को जनऔषधि केंद्र खोलने की मंजूरी दी है। जिनमें बहेड़ी के फिरोजपुर, नवाबगंज की सतुईया खुर्द, आंवला की अलीगंज, आंवला पूर्वी और मीरगंज की गुलड़िया समिति शामिल हैं। एआर को-ऑपरेटिव ब्रजेश परिहार का कहना है कि विभाग की ओर से शासन में कई बार पत्राचार करने पर समितियों के आवेदन पर पांचों समितियों को दवा बेचने के लिए ड्रग लाइसेंस तो पिछले साल ही जारी कर दिए गए, लेकिन फिरोजपुर को छोड़ बाकी समितियों के स्टोर कोड नहीं मिलने से जन औषधि केंद्र खोलने की कवायद फेल नजर आ रही है।

# शहर में भगवान भरोसे बिजली आपूर्ति, सुनने वाला कोई नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली


फाल्ट ठीक करता कर्मचारी।

**● किला के 8 नंबर फीडर पर रविवार को 6 घंटे रहा संकट**

**● हेल्पडेस्क पर फोन करने के बाद भी समस्या नहीं हो रही दूर**

**अमृत विचार:** शहरी क्षेत्र में लागू की गई वर्टिकल व्यवस्था में बिजली आपूर्ति भगवान भरोसे है। फाल्ट के बाद उपभोक्ता की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है। शहर में बनाई गई चार हेल्पडेस्क भी हेल्पलेस हो गई हैं। रविवार को किला क्षेत्र में 6 घंटे तक बिजली का संकट रहा। वहीं डेलापीर और राजेन्द्रनगर में केबल बॉक्स खराब होने से संकट गहरा गया। अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक के फोन नहीं उठने से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। कुतुबखाना, सिविल लाइंस, महानगर, जगतपुर और हरुनगला सबस्टेशन से जुड़े इलाके में भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही।

किला सबस्टेशन के 8 नंबर फीडर के बालाजी विहार, आनंद विहार, सुर्खा बानखाना, चौधरी तालाब, गुलाबनगर, स्टेट बैंक कॉलोनी, रजा चौक में रविवार दोपहर 2 बजे केबल बदलने काम शुरू किया गया। उसके बाद शाम को आपूर्ति शुरू करने का प्रयास किया गया तो केबल में फाल्ट होने से रात 9:30 तक आपूर्ति बंद रही, जिससे हजारों उपभोक्ता परेशान रहे। इसके अलावा कुतुबखाना सबस्टेशन के चौपुला रोड, आजमनगर, आलमगिरीगंज, बीकानेरी, सिविल लाइंस के नावल्टी चौराहा, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, एमसीआई प्लाजा, किला के खन्नू मोहल्ला, शाहदाना सबस्टेशन के सिकलापुर आदि जगह पर भी चार से पांच घंटे की कटौती की गई। वहीं दूसरी ओर महानगर, सनसिटी, डीडीपुरम, रामपुर बाग, सिविल लाइंस, सिंधुनगर, कटरा चांद खां में भी ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। बड़ी बमनपुरी में रामलीला स्थल के पास शनिवार रात जर्जर तारों का लोड अधिक होने के कारण तार टूटे थे। इसकी सूचना बिजली निगम के अधिकारियों को दी थी। करीब ढाई बजे तक आपूर्ति सही कर बिजली कर्मचारी गए और फिर 10 मिनट बाद तारों में आग लग गई। रविवार सुबह पहुंची टीम ने तारों को जोड़ने का काम शुरू किया तो दोपहर 1:30 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

### राजेन्द्रनगर और डेलापीर में भी दिक्कत

राजेन्द्रनगर में केबल बॉक्स में फाल्ट होने से शनिवार रात चार से पांच घंटे की कटौती की गई। वहीं रविवार को डेलापीर और राजेन्द्रनगर के साथ आईवीआरआई रोड पर फाल्ट के चलते बिजली गुल रही। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एसडीओ और जेई को फोन किए तो किसी का फोन नहीं उठा। जिसके बाद मुख्य अभियंता से कटौती की शिकायत की।

Lifelines of Bareilly MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai
मिलने का समय (सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## पानी की पाइप लाइन लीकेज से सात वार्डों की आपूर्ति ठप

**बरेली, अमृत विचार:** राजेंद्रनगर में छत्रपति शिवाजी चौराहे पर रविवार को पाइप लाइन लीकेज होने ये सात वार्डों की पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। इस वजह से करीब डेढ़ लाख आबादी को दोपहर से पानी नहीं मिला। नगर निगम पाइप लाइन की सोमवार को मरम्मत करेगा। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए आपूर्ति बंद कर दी गई है।

रविवार दोपहर में छत्रपति शिवाजी चौक मार्ग के पास अचानक पाइप लाइन लीकेज हो गई। इसके कारण पानी सड़क पर भरने लगा तो क्षेत्रीय पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने इसकी जानकारी नगर निगम के जलकल विभाग को दी। इस पर आपूर्ति बंद कर दी गई। जलकल की आपूर्ति ठप होने के कारण वार्ड संख्या 3 छोटी विहार, 8 मॉडल टाउन, 10 बड़ी बिहार, 23 इंदिरा नगर, 26 आईवीआरआई, 50 जनकपुरी, 67 आवास विकास में निवास करने वाले करीब डेढ़ लाख की आबादी को पानी नहीं मिला और परेशान होना पड़ा। जलकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार सोमवार को पाइप लाइन ठीक कराने के बाद आपूर्ति शुरू की जाएगी।

# हजियापुर की बदहाली पर प्रदर्शन, मांगा विशेष पैकेज


हजियापुर मोहल्ले में प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**● लोगों ने सड़कों की मरम्मत और नालियों की सफाई की मांग की**

**अमृत विचार:** हजियापुर में जल निकासी की व्यवस्था ठीक न होने पर रविवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने मोहल्ले में प्रदर्शन कर समस्या के निदान की मांग की है।

काफी समय से हजियापुर के लोगों का क्षतिग्रस्त मार्ग और कीचड़ से होकर आना-जाना होता है। लोगों ने बताया कि सड़क पर पानी भरा रहता है और राहगीर गिर जाते हैं। रात के अंधेरे में निकलना भी मुश्किल हो जाता है। क्षेत्र में सीवर लाइन बिछाकर सड़क को बनाया जाए। लोगों ने मांग की कि हजियापुर का सौंदर्यीकरण जरूरी है। मोहल्ले की आबादी काफी अधिक है, इसलिए सड़कों और नालियों की बदहाली दूर की जाए। जब तक नालों की तलीझाड़ सफाई नहीं होगी, तब तक समस्या का निदान नहीं होगा। खजूर वाली मस्जिद के बराबर वाली गली, पीली मिट्टी वाली गली, साबरी मस्जिद वाली गली, सकलैनी मदरसे के अलावा कई गलियों की सड़क और रास्ते बदहाल हैं। सड़क पर कीचड़ जमा है और लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी की अगुवाई में लोगों ने मांग की कि हजियापुर की बदहाली को दूर करने के लिए विशेष पैकेज की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके। इस दौरान डॉ. सीताराम राजपूत, अहमद उल्लाह वारसी, नईम खान, शान अहमद रजा आदि मौजूद रहे।

# बारिश में न हो हादसा, 180 जर्जर भवनों को जारी किया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मूसलाधार बारिश में जर्जर भवनों के गिरने की घटना होने की संभावना बनी रहती है। इससे निपटने के लिए नगर निगम ने शहर के 180 जर्जर भवनों को नोटिस जारी किया है। इन भवनस्वामियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन भवनों को खाली कर दें और गिरने लायक हों तो ध्वस्तीकरण करें।

कई दिनों से रुक रुक हो रही बारिश के कारण जर्जर भवनों से नगर निगम ने संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में स्थित जर्जर भवनों का सर्वेक्षण कर उन्हें चिन्हित किया है। मानसून की बारिश के दौरान कई जर्जर इमारतें ढहने की घटनाएं हो जाती हैं। इस वजह से जानमाल का नुकसान होता है। ऐसे में नगर निगम ने जर्जर 180 भवनस्वामियों को नोटिस देकर चेतावनी दी है कि वह स्वयं भी भवन को खाली कर दें। निगम चेतावनी दी है कि जिन जर्जर भवनों के मालिक नोटिस के बावजूद मकान खाली नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं ऐसे भवनों के बारे में नगर निगम संबंधित क्षेत्र के थानों को भी सूचित कर रहा है, ताकि आपात स्थिति में राहत कार्य में कोई बाधा न आए।


गिरताऊ हालत में हैं पुलिस लाइन के कई आवास। ● अमृत विचार

### इन जगहों पर हैं काफी संख्या में जर्जर भवन



कुतुबखाना इलाके में इसी साल अप्रैल माह में करीब 100 साल पुरानी जर्जर दो मंजिला इमारत गिर गई थी। सबसे अधिक पुराने भवनों की संख्या पुराने शहर में है, जहां पर काफी संख्या में जर्जर पुराने भवन हैं। किसी का छज्जा गिरताऊ है तो किसी की दीवार खराब हो गई है। ऐसे भवनों में लोग निवास भी कर रहे हैं और दुकान भी खोल रखी है। इसके अलावा इस्लामिया इंटर कालेज का पुराना भवन जर्जर हो चुका है। इस भवन के पास से हर रोज काफी संख्या में लोगों का गुजरना होता है। चौपुला चौराहे पर एक मकान है जो जर्जर हो चुका है। जिला पंचायत गेट के पास स्थित भवन की दीवार की ईंटें गल चुकी हैं, लेकिन दूसरी मंजिल पर लोग रहते हैं। कई जगहों पर सरकारी आवास जर्जर हो गए हैं, लेकिन इसमें कर्मचारी और उनके परिजन रहते है। सीआई पार्क में एक भवन करीब 100 साल पुराना है और प्लास्टर गिर रहा है, लेकिन यह भवन के स्कूल के लिए उपयोग में लाया जा रहा है।

**● नगर निगम ने गिरताऊ भवनों के स्वामियों को खाली करने और गिराने का दिया निर्देश**

जबकि कुछ जगहों पर भवनस्वामी और किरायेदार के बीच विवाद न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण निगम कार्रवाई करने से पीछे हट जा रहा है।

> बारिश के मौसम को देखते हुए जर्जर भवनों को खाली करने के लिए नोटिस भेजकर सचेत किया जा है। लोगों को इसको लेकर जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि बारिश के समय जर्जर भवनों से हादसा होने का भय रहता है।
>
> –**राजीव राठी**, अधिशासी अभियंता, निर्माण

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :- 7906732664 9897885429 8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. P.G.D.C.A. B.Ed. M.Com. M.A.
B.Sc. (Biotechnology) B.Sc. (PCM/ZBC) BCA BBA B.A.
B.Sc. (Home Science) B.Com. B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586

रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40% (in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

JYOTI COLLEGE of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

# करंट अफेयर्स और यूपी से जुड़े सवालों ने उलझाया

## उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा 40 फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी, 28 केंद्रों पर परीक्षा के लिए 13032 अभ्यर्थी थे पंजीकृत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्तर-3 की परीक्षा 28 केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा में 40 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 13032 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 5221 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे की पाली में हुई। परीक्षा के लिए सुबह 8 से 9:30 बजे तक सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देकर लौटे अधिकतर अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को कठिन बताया।

उन्होंने बताया कि पिछले कई साल की तुलना में आयोग पैटर्न बदलता जा रहा है। करंट अफेयर्स पर पूरा फोकस है। साथ ही वन लाइनर सवाल के बजाय अब कथन कारण वाले सवाल ज्यादा आए। जीएस और यूपी से संबंधित सवाल काफी उलझाने वाले थे, जिस कारण समय कम पड़ गया।


बरेली कॉलेज में परीक्षा देकर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

परीक्षा में इतिहास, खेल समेत अन्य विषयों से संबंधित सवालों ने खूब छकाया। इनमें एक सवाल था कि राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात क्या है। इसके अलावा इसरो से संबंधित सवाल था कि इसरो द्वारा स्थापित भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली का नाम क्या है।

वन विभाग के अनुसार कौन सी दो नदियां पीटीआर की दक्षिणी सीमा बनाती हैं। मध्य भारत में सतनामी आंदोलन की स्थापना किसने की थी। किस भारतीय वैज्ञानिक को परमाणु विज्ञान में उनके योगदान के लिए जाना जाता है और उन्हें अक्सर भारतीय परमाणु कार्यक्रम का जनक कहा जाता है। उत्तर प्रदेश में कौन सा विश्वविद्यालय पूर्व का आक्सफोर्ड के नाम से प्रसिद्ध है। परीक्षा में सरकार की जो वर्तमान योजनाएं हैं उनके बारे में खूब सवाल पूछे गए। कुल मिलाकर अभ्यार्थियों ने पेपर को कठिन और उलझाने वाला बताया।

**100 सवाल 120 मिनट में करने थे हल :** शहर में बरेली कॉलेज, बरेली इंटर कॉलेज समेत 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में 100 सवाल आए थे, जिनको 120 मिनट में हल करना था, लेकिन परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होने के कारण अभ्यर्थियों ने कुछ सवालों को छोड़ दिया। अभ्यर्थियों ने 80 से लेकर 90 तक सवाल हल किए।

### कठिन सवाल हल करने में लगा समय


पेपर में उत्तर प्रदेश के सवाल काफी आए थे। खेल से संबंधित कई सवालों ने खूब उलझाया। प्रश्नपत्र यूपीएससी परीक्षा के जैसे तैयार किया गया था।- **अमन वर्मा**, बाराबंकी


प्रदेश सरकार की योजनाओं से जुड़े कई सवाल थे। परीक्षा में इतिहास से संबंधित सवालों ने खूब छकाया। इसरो और नदियों से जुड़े सवालों ने तो काफी देर उलझाए रखा। –**सौरभ यादव**


इस बार नदियों के बारे में बहुत कठिन सवाल किए गए थे। हर बार हमलोग नदियों की उत्पत्ति और लंबाई के बारे में पढ़ते आए हैं लेकिन इस बार सवाल अलग ही थे।- **अजीत कुमार**, अयोध्या


काफी सवाल कठिन थे, जिसने सरकारी योजनाओं को रटा होगा, उसके लिए पेपर सरल था। कथन कारण वाले सवाल ज्यादा रहे। इसलिए उन्हें हल करने में समय लगा। –**पंकज**, लखनऊ

● **सुबह 8 से 9:30 बजे तक अभ्यर्थियों को केंद्रों पर दिया गया प्रवेश**

### गेट पर अभ्यार्थियों से हुई खूब वसूली

बरेली कॉलेज गेट पर परीक्षा देने दूरदराज से पहुंचे अभ्यार्थियों से उनका फोन, पर्स, बैग रखने के नाम पर 10 से 20 रुपये तक वसूले गए। परीक्षा देने के बाद जब अभ्यर्थी लौटे तो कई लोगों की इसको लेकर कहासुनी हो गई। उन्होंने जिला प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन को लेकर नाराजगी जाहिर की। कहा कि वे लोग परीक्षा देने इतनी दूर से आए हैं, लेकिन यहां उनसे मजबूरी का फायदा उठाकर वसूली की जा रही है।

# बारिश से स्वास्थ्य मेले में घटी मरीजों की संख्या

**बरेली, अमृत विचारः** बारिश का असर रविवार को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों पर भी दिखा और कम संख्या में मरीज पहुंचे। आमतौर पर जिले 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित मेले में चार हजार से अधिक मरीज पहुंचते थे, लेकिन इस रविवार को 3743 मरीज ही पहुंचे, जिसमें सबसे अधिक 543 मरीज त्वचा, 143 बुखार और अन्य बीमारियों से ग्रसित मिले, जबकि 14 गंभीर बीमारियों से ग्रसित मिले, जिन्हें हायर सेंटर इलाज के लिए रेफर किया गया।

● **जिले के 71 स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला**

दरअसल शहर से लेकर देहात तक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टर समेत अन्य स्टाफ की लंबे समय से कमी है। कुछ केंद्रों पर एक डॉक्टर को दो केंद्रों पर अटैच किया गया है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि डॉक्टर के पदों पर वाक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जा रहीं हैं। वहीं अन्य कर्मचारियों के पदों पर भी एनएचएम के माध्यम से शासन स्तर से भर्ती की जा रहीं हैं।

# पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड त्वरित निर्णय लेने में अति सहायक

● **बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के निश्चेतना विभाग की ओर से फोकस ऑन पोकस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में निश्चेतना विभाग की ओर से फोकस ऑन पोकस विषय पर कॉन्फ्रेंस का आयोजन रविवार को हुआ। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान डॉ. लता ने बताया कि पॉइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड (पोकस) क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में बहुत महत्वपूर्ण है और सीनियर और जूनियर चिकित्सकों को इसके प्रयोग का प्रशिक्षण जरूर लेना चाहिए।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में कॉन्फ्रेंस में मौजूद डॉक्टर। ● अमृत विचार

गुरुग्राम के पारस हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर विभाग के एचओडी डॉ. नितिन जैन, दिल्ली के कैलाश दीपक हास्पिटल के क्रिटिकल केयर विभाग के एचओडी आशुतोष कुमार गर्ग, दिल्ली के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के एसोसिएट निदेशक डॉ. अखिल तनेजा, गुरुग्राम के पारस हॉस्पिटल से डॉ. प्रवीण मेहता ने मुख्य प्रवक्ता के रूप में अनुभव साझा करते हुए व्याख्यान दिया।

सभी ने चिकित्सा विज्ञान में उभरती तकनीक पॉइंट-ऑफ-केयर अल्ट्रासाउंड (पोकस) के विविध पहलुओं पर गहन चर्चा की। वक्ताओं ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य चिकित्सकों को यह समझाना था कि आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों में पोकस एक क्रांतिकारी उपकरण के रूप में उभर रहा है, जो निदान और उपचार के समय तुरंत निर्णय लेने में अत्यंत सहायक है। विशेषकर क्रिटिकल केयर, आपातकालीन चिकित्सा, एनेस्थीसिया और ट्रॉमा जैसे क्षेत्रों में इसकी भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

इस कार्यक्रम ने उपस्थित चिकित्सा शिक्षकों, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकों से परिचित होने का सशक्त अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रजनीश पठानिया, निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति पठानिया, डॉ. निहारिका अरोरा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. आकाश गुप्ता, डॉ. खालिक अंसारी, डॉ. अंकुर गर्ग, डॉ. कनसू राम, डॉ. तूलिका मित्तल, डॉ. असमा राहत, डॉ. भावना सिंह, डॉ. सय्येदुर्रहमान, डॉ. हितेश देवनानी, डॉ. देवयानी जांगड़ा, डॉ. तनु हरी, डॉ. साक्षी गुप्ता, डॉ. प्रियेश गुप्ता, डॉ. अनामिका कुमारी, डॉ. इशिका गर्ग समेत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान एवं समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# समर कार्निवल में बच्चों और डॉक्टरों ने दिखाई प्रतिभा

**बरेली, अमृत विचारः** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से रविवार को समर कार्निवल और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत सुबह वाटर पोलो प्रतियोगिता के साथ हुई और पूरे दिन विविध गतिविधियों के साथ शाम में स्पोर्ट्स वीक और समर कार्निवल विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे स्पेल बी, स्पीकिंग एबिलिटी, वाद-विवाद एवं क्विज में प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वाटर पोलो, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, निबंध लेखन, क्ले मॉडलिंग में सदस्यों और उनके बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और विशिष्ट अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम के साथ ही बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा शाहजहांपुर के तिलहर की विधायक सलोना कुशवाहा रहीं। आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवम कमठान, उपाध्यक्ष डॉ. डीपी गंगवार, चेयरमैन स्पोर्ट्स कमेटी डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, वरिष्ठ सदस्य डॉ. एमएम अग्रवाल और डॉ. राजीव गोयल सशक्त ने नेतृत्व प्रदान किया। कार्यक्रम में डॉ. शालिनी माहेश्वरी, डॉ. शालिनी अरोरा, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. इरम शैफाली, डॉ. मृदुला शर्मा, डॉ. लतिका अग्रवाल, डॉ. संध्या गंगवार, डॉ. सईदा खान, डॉ. पारुल प्रिया, डॉ. पुलकित अग्रवाल, डॉ. शारिका सेठ, डॉ. रितु राजीव, डॉ. पारुल सक्सेना, डॉ. सौरभ गोयल, डॉ. वीरेंद्र गंगवार, डॉ. राहुल वोहरा, डॉ. अंशु अग्रवाल, डॉ. मोहित जिंदल, डॉ. पंकज कुमार और डॉ. वंदना गुप्ता मौजूद रहे।



समर कॉर्निवल के विजेताओं को पुरस्कार देते वनमंत्री और मेयर। ● अमृत विचार

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कला प्रतियोगिता 25 जुलाई को

**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जीवन पर 25 जुलाई को तीन वर्गों में कला प्रतियोगिता मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में होगी। प्रथम वर्ग कक्षा 1 से 5 तक, द्वितीय वर्ग कक्षा 6 से 8 तक और तृतीय वर्ग कक्षा 9 से 12 का होगा। प्रतियोगियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का चित्र और इस चित्र के नीचे, उनके जीवन की उल्लेखनीय बातों को पांच वाक्य में लिखना होगा। आयोजनकर्ता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि यह चित्र बनाकर मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में 20 जुलाई तक कुमार पारस (प्रवक्ता) के पास 8 से 10 बजे के बीच में जमा कर सकते हैं।

# दांत हो गए हैं खराब आरसीटी से नहीं आराम तो कराएं दर्द निवारक इंप्लांट


आईडीए के वेबिनार के दौरान मौजूद डॉक्टर। ● अमृत विचार

● **दंत चिकित्सा पर वेबिनार में डॉ. हसन हैंमो और डॉ. अजय बजाज ने अनुभव किए साझा**

**बरेली, अमृत विचारः** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की ओर से रविवार को एक होटल में वेबिनार में 50 से अधिक दंत चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक एवं एंडोडोंटिक्स डॉ. हसन हैंमो एवं प्रो. डॉ. अजय बजाज ने दंत चिकित्सा में एंडोडेंटिस्ट्री से संबंधित अनुभव साझा किए।

डॉ. हसन हैंमो ने बताया कि दंत चिकित्सा में लगातार कल्याणकारी बदलाव हो रहे हैं। पहले लोग दांत खराब होने पर रूट कैनाल ट्रीटमेंट यानी आरसीटी कराने से भी घबराते थे। मन में दर्द का भय रहता था लेकिन अब मरीज बेझिझक इंप्लांट तक करा रहे हैं। यह जागरूकता से संभव हुआ है। वहीं आधुनिक तकनीक से किया गया इंप्लांट दर्द निवारक होता है। इंप्लांट के समय अगर हड्डी की मोटाई कम है तो बोन ग्राफ्ट डालकर उसे बढ़ाया जा सकता है। जबड़े की हड्डी में डेंटल इंप्लांट करते समय हड्डी की लंबाई, ऊंचाई नापना बहुत जरूरी होता है।

डॉ. अजय बजाज ने बताया कि अच्छा मुख स्वास्थ्य जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। खासतौर पर नियमित मुंह की देखभाल जटिलताओं, जैसे दर्द, संक्रमण और दांतों के नुकसान को रोकती है। इसलिए नियमित मुंह की देखभाल की दिनचर्या बनाएं। इस दौरान डॉक्टरों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में आईडीए अध्यक्ष डॉ. अविजित जौहरी, सचिव डॉ. अवधेश गंगवार, डॉ. राहुल वोहरा, डॉ. आलोक कुमार, डॉ. रवि सक्सेना, डॉ. अमित सक्सेना, डॉ. पारस गुप्ता, डॉ. दिलीप सिंह, डॉ. चंचल गंगवार, डॉ. सज्जन सिंह, डॉ. दिनकर गोयल और डॉ. केएल गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सनातन प्रतियोगिता में आरोही ने पाया पहला स्थान



**बरेली, अमृत विचार :** जनकपुरी स्थित शिव हरी मिलाप मंदिर में सनातन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर भारतीय सनातन संस्कृति, धर्म और परंपराओं पर आधारित विषयों पर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आरोही पाठक ने पहला, आराध्या सिंह ने दूसरा और निहारिका शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को आशु अग्रवाल, स्वामी शैलेंद्र आनंद महाराज, पूर्व पार्षद महेश पंडित, समाजसेवी अमित भारद्वाज, राजीव खुराना, प्रवीण भारद्वाज और संजीव अवस्थी ने पुरस्कार दिया। आयोजक जिला प्रमुख, शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट के दीपक पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, शास्त्रों और नैतिक मूल्यों से जोड़ना और उनमें संस्कारित नेतृत्व और आत्मबोध को जाग्रत करना है। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में मनीत अग्निहोत्री और प्रिया शंखधार मौजूद रहीं।

### साइकिल रैली निकालकर फिट इंडिया का दिया संदेश

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र की ओर से स्वच्छता सेनानी के सहयोग से फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें संडे ऑन साइकिलिंग विद स्वच्छता सेनानी के अंतर्गत साइकिल रैली निकाली गई। यह रैली भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र से शास्त्री चौक, बीआई बाजार होते हुए वापस भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र पर आकर संपन्न हुई। इस रैली में अपनी दिनचर्या में प्रतिदिन 30 मिनट अनिवार्य रूप से साइकिल चलाने को शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आरंभ एथलेटिक्स प्रशिक्षक संदीप चौधरी ने सभी प्रतिभागियों का अभिवादन कर किया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 स्वच्छता सेनानियों समेत अन्य ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मीना कुमारी, शुभम चौरसिया, बीएस शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### गालो मुस्कुरालो ने सुर संध्या कार्यक्रम किया आयोजित




**बरेली, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय विश्व संगीत दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को गालो मुस्कुरालो ने संगीत गायन का कार्यक्रम सुर संध्या बरेली क्लब में माता सरस्वती के समक्ष मनाया। सचिव अरुण शर्मा ने बताया कि गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी बरेली क्लब में हर दो माह के अंतराल पर कार्यक्रम करती है। इस साल यह तीसरा और अब तक का 15 वां कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि गालो मुस्कुरालो का यह मंच नॉन-प्रोफेशनल लोगों जिनमें गाने की प्रबल इच्छा तो है, लेकिन उन्हें गाने में संकोच है के लिए तैयार किया गया है। रविवार को हुए कार्यक्रम का अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा को बनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 30 व्यक्तियों ने गायन प्रस्तुति दी और बहुत से लोग मेहमान के रूप में आए। जिनमें मुख्य रूप से कैलाश चंद्र शर्मा, नीरज टंडन, विकास जौहरी, राजेश अग्रवाल, माला शर्मा, नीतू टंडन, सीमा जौहरी, कंचन शर्मा आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन अजयराज शर्मा ने किया।

### डॉली ने बरेली के साथ देश को सम्मान दिलायाः सुप्रिया




**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी में ऑस्कर अवार्ड से सम्मानित वाल्मीकि समाज की बेटी डॉली सिंह के स्वागत में सिविल लाइंस स्थित एक संस्थान में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मेयर सुप्रिया ऐरन ने डॉली को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि डॉली ने अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी में पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑस्कर पुरस्कार जीतकर वाल्मीकि समाज का ही नहीं बल्कि पूरी बरेली के साथ-साथ देश को सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि आज एक साधारण परिवार से जो डॉली आगे आयी है। वह बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के बताए हुए मार्ग का अनुसरण है। उन्होंने बताया कि मलेशिया की लुईजा आर्ट गैलरी में हुई प्रदर्शनी में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त किया है। इस अवसर पर वेद प्रकाश वाल्मीकि ने कहा कि दलित समाज की बेटी ने पुरस्कार जीतकर समाज का गौरव बढ़ाया है। संचालन करते हुए दीपक वाल्मीकि ने कहा कि डॉली समाज की एक प्रतिभा है। इस अवसर पर धीरज मधुकर, हरी सिंह वरदान, अनुज गंगवार, अरुण गौतम, सुरेन्द्र सोनकर, जीतेन्द्र मुंडे, कमलेश ठाकुर, सुनीता दुबे, महेन्द्र सिंह, प्रवेश परासर, ऋषि पाल सिंह, अमित चौहान, रितेश सिंह, राशिद आदि ने डॉली को बधाई दी।


आपके विश्वास के 23 वर्ष
SRMS
23वीं वर्षगांठ के अवसर पर
मिनीमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) शिविर
01 से 05 जुलाई 2025
सर्जरी पर पायें 50% तक की छूट
• रोबोटिक
• लैप्रोस्कोपिक
• एण्डोस्कोपिक
• आर्थोस्कोपिक
• लेजर सर्जरी
• फेको सर्जरी
निम्नलिखित विभागों में अपने सर्जरी का पैकेज पंजीकृत करायें
जनरल सर्जरी | गैस्ट्रो सर्जरी | न्यूरो सर्जरी | यूरोलॉजी | कॉस्मैटिक सर्जरी | इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी
पीडियाट्रिक सर्जरी | थोरेसिक सर्जरी | कैंसर सर्जरी | गायनी सर्जरी | गायनी ऑन्को सर्जरी
फर्टिलिटी सर्जरी | आर्थोस्कोपी एवं जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी | नाक, कान, गला सर्जरी | फेको सर्जरी
80000+ मिनीमल इनवेसिव सर्जरी का अनुभव

लकी ड्रा
पायें फ्री सर्जरी कराने का मौका!
शिविर में पंजीकृत मरीज 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित पैकेज में सर्जरी करा सकते है
श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बरेली
सम्पर्क करें 9458705555
राम मूर्ति पुरम्, 13 किमी. बरेली-नैनीताल रोड, भोजीपुरा, बरेली (उ.प्र.) www.srms.ac.in

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

# रामनगर में बंदरों ने महिला पर मारा झपट्टा, छत से गिरकर दोनों टांगें टूटीं

## जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती, छत पर कपड़े सुखाने गई थी महिला तभी आ गए बंदर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** छत पर कपड़े लेने गई महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। दहशत में आई महिला छत से नीचे पड़े खाली प्लॉट में गिरने से घायल हो गई। परिवार के लोगों ने महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

आंवला थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी रजनी देवी (45 वर्ष) रविवार की सुबह छत पर कपड़े लेने के लिए गई थीं। इसी बीच अचानक से बंदरों के झुंड ने महिला पर हमला कर दिया। दहशत में आईं रजनी बंदरों से बचने के प्रयास में छत से खाली प्लॉट में गिर पड़ीं। इससे उनके दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। रजनी देवी के पति रमेश चंद्र ने बताया कि पत्नी की चीख सुनकर आनन-फानन में एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बंदरों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन बंदर लोगों पर हमला करने के साथ ही घरों में रखा खाने पीने का सामान समेत अन्य चीजें उठाकर ले जाते है। कई बार शिकायत करने के बाद भी बंदरों को नहीं पकड़ा जा रहा है।



जिला अस्पताल में भर्ती महिला।

- ग्रामीणों ने बंदर पकड़वाने की मांग उठाई

### पानी भरने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी नल पर पानी लेने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। क्योलड़िया निवासी इंद्रपाल का 12 साल का लड़का हिमांशु शनिवार की शाम को घर के बाहर स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गया था। अचानक से उसके ऊपर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे कुत्तों से बचाया। परिवार के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कुत्तों को पकड़वाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।



घायल हिमांशु।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर मूकबधिर महिला को दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये और फाइक एन्क्लेव में मकान की मांग पूरी न होने पर पति ने मूकबधिर महिला को तीन तलाक दे दिया। महिला की मां की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फाइक एन्क्लेव निवासी फिरोज ने बताया कि उनकी मूकबधिर बेटी सफाई कर्मचारी की नौकरी करती है। उन्होंने बेटी का निकाह 13 दिसंबर 2020 को काजी टोला निवासी अब्दुल के साथ किया था। निकाह के कुछ दिन बाद तक सब सही चलता रहा, लेकिन बाद में पति अब्दुल, सास मुन्नी बेगम, जेठ मोहम्मद शमी, मोहम्मद चांद, राजू, जेठानी हुसनाज और रुबीना दहेज में पांच लाख रुपये और फाइक एन्क्लेव में 200 गज के मकान की मांग करने लगे। समझाने पर आरोपी उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। उन्होंने थाना बारादरी में तहरीर दी, तो आरोपियों ने माफी मांगकर समझौता कर लिया।

## नानी नहीं दिला पाईं मोबाइल तो किशोर ने कर ली आत्महत्या

- बारादरी के सतीपुर का रहने वाला था विवेक मौर्या
- नानी के साथ भमोरा के गांव खुली तारपुर में रहता था

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मोबाइल की मांग पूरी न होने पर किशोर ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



विवेक का फाइल फोटो

बारादरी के मोहल्ला सतीपुर निवासी शारदा देवी का बेटा विवेक मौर्या (17) अपनी नानी धनवती के पास भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खुली तारपुर में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करता था और नानी के काम में भी हाथ बंटाता था।

विवेक कई दिन से नानी से मोबाइल की मांग कर रहा था, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण नानी मोबाइल नहीं दिला सकीं। तब उसने अपनी मां शारदा देवी को फोन करके मोबाइल की मांग की।

शारदा देवी ने उसे समझा दिया कि कुछ दिन रुक जाओ उसके बाद मोबाइल दिला देंगे। उसने शनिवार रात साड़ी का फंदा बनाया और लटक गया। रविवार सुबह 4 बजे नानी ने विवेक को फंदे पर लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से नानी धनवती, मां शारदा देवी और दो भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है।

# ईंट भट्ठा मालिक का बेटा चरस के साथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना पुलिस ने कुदेशिया पुल के नीचे से चरस बेचते हुए ईंट भट्ठा मालिक के बेटे को गिरफ्तार किया है और उसका साथी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 320 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि दरोगा मोहम्मद सरताज कुदेशिया पुल के नीचे टीम के साथ गश्त कर रहे थे। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि दो लोग पुल के नीचे के चरस बेच रहे हैं। मौके पर दबिश देकर पुलिस ने हार्टमन रामलीला मैदान निवासी अरमान उर रहमान को पकड़ लिया, जबकि उसका साथी अशरफ खां छावनी निवासी तालिब मतलूब भाग गया। पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 4500 रुपये, स्कूटी और 320 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने रविवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी अरमान उर रहमान के पिता अतीक उर रहमान ईंट भट्ठा संचालक हैं। वह 12 वीं तक पढ़ा है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके खिलाफ हिमाचल प्रदेश में एक मुकदमा दर्ज है। वह वहां तारीखों पर जाता है और तब चरस लेकर आ जाता और यहां बिक्री कर देता है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के प्रेमनगर में दो और बिथरी थाने में एक मुकदमा दर्ज है।



आरोपी अरमान उर रहमान।

- साथी फरार हिमाचल प्रदेश से खरीदकर लाते हैं चरस
- अरमान के खिलाफ हिमाचल प्रदेश में चल रहा है मुकदमा

# बदायूं रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**आंवला, अमृत विचार :** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। आंवला बदायूं रोड के बीहट हाजीपुर मोड़ के समीप शनिवार रात करीब 10 बजे बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक पर सवार अमरपाल (25) पुत्र हरपाल निवासी ग्राम सराऊ थाना भमोरा और एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों शवों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

**बाइक कुत्ते से टकराई, छात्र की मौत :** मीरगंज, अमृत विचार : गांव सेवा ज्वालापुर निवासी सुनील परिवार के विजयपाल को दवा दिलाने शाही गए। हालात में सुधार न होने पर शनिवार शाम सुनील दवा दिलाने के लिए फतेहगंज पश्चिमी जा रहे थे। बाइक सुनील के मौसा शेर सिंह निवासी सिरोधी अंगदपुर चला रहे थे। छात्र विजयपाल बाइक पर बीच में बैठा था। पीछे सुनील बैठे थे। फतेहगंज पश्चिमी मार्ग पर लालकुआं चौराहे के पास बाइक कुत्ते से टकरा कर गिर गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। लोगों ने घायलों को एक मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। रविवार को पांचवीं के छात्र विजयपाल की इलाज के दौरान मौत हो गई।



आंवला में घटनास्थल पर पहुंची पुलिस।



भमोरा में हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

### ओवरटेक करते समय खड़े ट्रक में घुसी कार, चालक की मौत

**भमोरा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार रविवार देर रात बरेली-बदायूं रोड पर देवचरा बल्लिया चौराहे पर गलत दिशा से ओवरटेक करते समय खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। बरेली के नेकपुर निवासी सतीश पुत्र नरेश पाल (28) बदायूं से कार में सवारियां बैठाकर बरेली की ओर आ रहे थे। देवचरा बल्लिया चौराहे पर रांग साइड से ओवरटेक करते समय कार खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में चालक सतीश की मौत हो गई। कार में सवार नौ सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को कब्जे में लेकर सतीश को जिला अस्पताल भेज दिया। हालांकि, मौके पर ही सतीश की मौत हो चुकी थी। सूचना पर सतीश के भाई ग्रीस घटनास्थल पर पहुंचे।

## सार-संक्षेप

### दीपक बने सरंक्षक, डॉ. प्रदीप को अध्यक्ष की कमान





**बरेली, अमृत विचार :** उप्र व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में नई बस्ती माधोबाड़ी इकाई का गठन रविवार को निजी होटल में किया गया। इसमें संरक्षक दीपक द्विवेदी, अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सक्सेना, इकाई महामंत्री हेमंत कुमार, कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार नियुक्त किए गए। इसके साथ ही मुकेश कुमार, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, अजय चंद्रा, अमित पाठक, अनुराग सक्सेना, गौरव पाल, अनिल तिवारी, राजन पाल, जय शर्मा, राहुल सक्सेना को भी जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री दीपक द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान नेता एमएल मिश्रा को रामलला का चित्र देकर स्वागत किया। इस दौरान 21 सदस्यीय एक उड़नदस्ता बनाया गया है जो जीएसटी विभाग पर नजर रखेगा ताकि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न न हो सके। फोरम के संरक्षक एमएल मिश्रा ने बताया कि इकाई में 50 नए व्यापारी जुड़े हैं। सभी नए साथियों को प्रमाण पत्र दिया गया। महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला ने बताया कि जीएसटी विभाग चेकिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। व्यापारी समाज इसको बर्दाश्त नहीं करेगा, जल्द ही 500 व्यापारियों का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राजपूत, कपिल मेहरोत्रा, प्रभजोत सिंह, सोनू मौर्य, अभिषेक गंगवार, डॉ. प्रदीप सक्सेना, महेंद्र वैश्य, सुभाष, ज्ञानचंद प्रजापति व मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सिंधी सेवा समिति के प्रदीप वाधवानी बने अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** सिंधी सेवा समिति के संरक्षक मनोहर लाल धीरवानी ने सर्वसम्मति से प्रदीप वाधवानी को अध्यक्ष घोषित किया। सेवा भाव एवं समाज के उत्थान के उद्देश्य को सर्वोपरि बताकर अध्यक्ष ने पदाधिकारियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संकल्प लिया है कि वह अपने समाज के साथ-साथ दूसरे समाज के जरूरतमदों की भी हमेशा मदद करते रहेंगे। इसके बाद अध्यक्ष ने अपनी टीम की घोषणा की। उन्होंने सचिव अनिल वाधवानी व कोषाध्यक्ष सतराम दास को मनोनीत किया। बैठक में ज्ञान चन्द, श्यामलाल वाधवानी, सुतराम दास, दीपक कुमार, सुरेश सुंदरानी, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. ललित पागरानी, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. मुरली धर छाबड़िया, कैलाश कुमार, मधुप कुमार, मुकरी बाधवानी, उमेश धीरवानी, महेश कुमार, शंकर लाल, दिनेश वाधवानी, राजकुमार निहलानी, राजेन्द्र कुमार, श्याम चंगुलानी, राकेश धीरवानी, अनिल वाधवानी, मयूर धीरवानी, संजय पागरानी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### जिला सहकारी बैंक के एटीएम की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** शाहजहांपुर रोड स्थित जिला सहकारी बैंक के एटीएम की रविवार को विधायक संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर शुरुआत की। बैंक के सभापति वीरेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि किसानों और आम नागरिकों को बैंकिंग सुविधाएं सरलता से उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए जिला सहकारी बैंक की शाखा में एटीएम लगाया गया है। अब खाताधारकों को भी पैसे के आदान प्रदान में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आएगी। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, भुजेंद्र गंगवार, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, बृजेश मिश्रा, सहकारी बैंक के समस्त पदाधिकारी और स्टाफ मौजूद रहे।



# जोड़ प्रत्यारोपण की नवीन तकनीकों पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली आर्थोपेडिक एसोसिएशन (बीओए) और ऑर्थोटेक इंडिया ने रविवार को निजी होटल में शरीर के जोड़ों की ऑर्थोप्लास्टी की एडवांस तकनीक को साझा करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हड्डी के चिकित्सकों को नवीनतम तकनीकों और उन्नत उपचार समाधानों से अवगत कराना था।

संगोष्ठी में गाजियाबाद के मैक्स हॉस्पिटल के निदेशक व वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश यादव मुख्य अतिथि रहे। संगोष्ठी में बरेली तथा आसपास के हड्डी रोग विशेषज्ञों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में यूपीओए के उपाध्यक्ष व बीओए के अध्यक्ष डॉ विनोद पागरानी, सचिव डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. बृजेश्वर सिंह, डॉ. श्वेतांग गंगवार, डॉ. विनय गंगवार, डॉ. सौरभ गोयल, डॉ. नाजिर, डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने अपने-अपने विषयों पर प्रस्तुति दी।

सीएमई में शामिल विशेषज्ञों ने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के आधुनिक दृष्टिकोण, तकनीकी नवाचार व रोगी की देखभाल के मानकों पर विस्तृत चर्चा की। उपस्थित चिकित्सकों को उच्चतम ज्ञान व प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से डॉ. रवि मेहरा, डॉ. एसके कौशिक, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. आरके सिंह, डॉ. ओपी भास्कर, डॉ. उत्कल अग्रवाल, डॉ. रवि वार्ष्णेय, डॉ. जितेंद्र अग्रवाल, डॉ. प्रवीण गर्ग व डॉ. आरपी सिंह आदि उपस्थित रहे।



संगोष्ठी में मौजूद डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, डॉ. विनोद पागरानी।

- शरीर के जोड़ों की ऑर्थोप्लास्टी पर सीएमई का आयोजन

# तख्त निकलने के दौरान कुछ लोगों ने युवक को पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को तख्त निकलने के दौरान कुछ लोग एक व्यक्ति को दौड़ाते हुए लाए और उसके साथ मारपीट की। तख्त में शामिल लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को लाठियां फटकार कर भगा दिया। सराय खाम निवासी इनाम अली ने बताया कि जिस व्यक्ति को लोग पीट रहे थे, पुलिस को न तो वह मिला और न ही पीटने वाले। इस प्रकरण में पुलिस को किसी ओर से तहरीर नहीं मिली है। इनाम अली ने बताया कि वे लोग कमेटी बना रहे हैं, जिससे कोई व्यक्ति आपस में झगड़ा न करे।



मारपीट करते लोग। फोटो : वीडियो ग्रैब

सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरूष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरूवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559

# इमाम हुसैन के बताए रास्तों पर चलें: मौलाना नेमत अली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मोहर्रम पर शिया समुदाय में अजादारी और मजलिस का दौर जारी है। रविवार को तीसरे मोहर्रम पर शहर के कई इमामबाड़ों पर मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मौलानाओं ने कहा कि हम सबको इमाम हुसैन के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए।

रविवार को पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया से शुरू हुई। उसके बाद फिर इमामबाड़ा हकीम आगा साहब गढ़ैया, इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया, इमामबाड़ा छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला, इमामबाड़ा महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपीटोला में मजलिस हुई। रात की मजलिस इमामबाड़ा फतेह अली शाह, काला इमामबाड़ा में हुई। काला इमामबाड़ा में मजलिस को खिताब करते हुए दिल्ली से आए मौलाना नेमत अली कुम्मी ने कहा हमें पहले अपने किरदार अच्छे रखने चाहिए। दिलों को साफ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को इमाम हुसैन के बताए रास्तों पर चलना चाहिए। अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी शिक्षा दोनों दिलाएं। अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि जखीरा के इमामबाड़ा में असलम रिजवी, महमूद हसन नकवी, इंग्लिशगंज किला कटघर के इमामबाड़ा में डॉ. असद जैदी में नौहाख्वानी की। इसके अलावा इमामबाड़ा फतेह अली शाह और काला इमामबाड़ा में नौहाख्वानी की गई।



काला इमामबाड़ा में मजलिस।

- शिया समुदाय में तीसरे मोहर्रम पर रविवार को हुई अजादारी और मजलिस

### इमामबाड़ा मरहूम ज़ुर्रियत हुसैन में किया पौधरोपण

**बरेली, अमृत विचार :** शिया समुदाय के लोगों ने मोहर्रम के मौके पर रविवार को जखीरा स्थित इमामबाड़ा मरहूम ज़ुर्रियत हुसैन में पौधरोपण किया। ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी की अगुवाई में मोहल्ला जखीरा के इमामबाड़ा में पौधे लगाए गए। शानू काजमी ने कहा हम सबको ज्यादा से ज्यादा पौधे बांटने और लगाने चाहिए। साथ ही उनकी देख रेख भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश हमारा हरा भरा हो रहा है। अच्छी ऑक्सीजन के लिए पेड़ो का होना जरूरी है। उन्होंने कहा जल्द वो बड़े स्तर पर पौधे लगाएंगे और बाटेंगे। इस दौरान मुजफ्फर हुसैन, अजादार काजमी, हसन काजमी मौजूद रहे।

### हक के रास्ते पर चलने की सीख देता है मोहर्रम

**बरेली, अमृत विचार :** मोहर्रम के मौके पर शहर में जुलूस के साथ जलसों का आयोजन किया जा रहा है। अहमद उल्लाह वारसी ने बताया कि मोहर्रम हक के रास्ते पर चलने की सीख देता है। मलूकपुर स्थित इमामबाड़ा खुर्शीद खां फतेहनिशान पर हुसैन लंगर बांटा गया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान की तिलावत से हुई। उसके बाद मुशायरे की महफिल सजी। जिसमें जाहिद मियां का शेर सुनकर महफिल झूम उठी। मुशायरे की निजामत जाफर नियाजी ने की, जबकि सदारत कासिम मियां ने की। अकील नोमानी, ताहिर फराज, नकी मियां नियाजी, फहमी नियाजी, मोहसिन नियाजी, फिरदौस वारसी, फहीम वारसी, नासिर हुसैन, सरताज हुसैन, फरमान, वसीम, आबिद नियाजी आदि लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# मालिक के घर से तीन लाख का सामान ले उड़े भाई-बहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित ने थाना कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पुराने बस अड्डे के पास रहने वाले एक व्यक्ति के घर से काम करने वाले भाई-बहन तीन लाख रुपये के जेवर चुराकर ले गए। जब दोनों को मालिक ने बुलाया तो आए लेकिन फिर बहानेबाजी करके वापस चले गए। अब दोनों अपने घर से भी फरार हैं। मालिक की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बागब्रगटान निवासी तरुणदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें घर में काम करने के लिए दो लोगों की जरूरत थी। काम करने के लिए उन्होंने बाग ब्रगटान निवासी चंचल और उसके भाई संजीव को काम पर रख लिया। दोनों ने परिवार का भरोसा जीत लिया और कमरों में काम करने के लिए आते जाते रहते थे। तरुणदीप ने बताया कि दो दिन पहले दोनों उनके घर में रखे तीन लाख रुपये के सोने के जेवर लेकर चले गए।

शक होने पर जानकारी करने के लिए दोनों को घर पर बुलाया था, तब दोनों ने कहा कि वे अभी वापस आते हैं। इसके बाद नहीं आए और फोन भी नहीं उठा रहे हैं। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चंचल और संजीव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संबंध में इंस्पेक्टर कोतवाली अमित पांडेय ने बताया कि पुलिस दोनों की तलाश कर रही है।

# युवती के गर्भवती होने पर शादी से मुकरा प्रेमी, रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवक ने युवती से दुष्कर्म किया और गर्भवती होने पर शादी से इन्कार कर दिया। युवती की बहन की शिकायत पर थाना सीबीगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर के थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सीबीगंज के गांव सुनराशि निवासी अजय ने उसकी बहन के साथ शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। जब बहन शादी का दबाव बनाती तो आरोपी टालमटोल करने लगता। इसी दौरान बहन गर्भवती हो गई और युवक से शादी करने को कहा तो उसने इन्कार कर दिया। आरोपी ने उसकी बहन से कहा कि वह दहेज में तीन लाख रुपये लेने के बाद ही शादी करेगा।

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनकर किया पौधरोपण

## वन मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अलग-अलग वार्ड में रोपे पौधे, पर्यावरण संरक्षण की अपील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भाजपा महानगर के नौ मंडलों में रविवार को मन की बात कार्यक्रम सुनने के साथ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और क्षेत्रीय अध्यक्ष बृज क्षेत्र दुर्विजय सिंह शाक्य ने पौधरोपण कर अधिक से अधिक पौध लगाने की लोगों से अपील की।

सभी मंडलों में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यकर्ताओं के साथ नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का कार्यक्रम सुना। इसके बाद सभी मंडलों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण की गई। वार्ड नंबर 26 में क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने पौधरोपण किया। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से चर्चा की। वार्ड 57 कालीबाड़ी में सांसद छत्रपाल गंगवार ने पौधों के बारे में लोगों को जागरूक किया। वार्ड 8 में वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि पौधरोपण हर व्यक्ति को करना चाहिए। वार्ड 33 वनखंडी नाथ में मेयर डॉ. उमेश गौतम ने पौधरोपण कर लोगों से अपील की हमारा दायित्व है कि एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं। वार्ड 11 में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने अधिक से अधिक पेड़ लगाए।

इसी तरह वार्ड 19 में महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, वार्ड 10 में अनिल कुमार एडवोकेट ने पौधरोपण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गुलशन आनंद, विष्णु शर्मा, प्रत्तेश पांडे , विष्णु अग्रवाल, डॉ. तृप्ति गुप्ता, बंटी ठाकुर, विपिन भास्कर, रेखा श्रीवास्तव, राजीव कश्यप, मोहित अरोड़ा, जयदीप चौधरी, मोहित तिवारी, नरेंद्र मौर्य, बृजेश प्रताप सिंह, शिखा मल्होत्रा, कन्हैया राजपूत,अजय मौर्य आदि मौजूद रहे।


पौधरोपण करते वनमंत्री डॉ . अरुण कुमार । ● अमृत विचार

### कैंट विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया पौधरोपण



**बरेली, अमृत विचार :** कैंट विधायक एवं भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने रविवार को पूर्वी मंडल के वार्ड नंबर 11, बूथ संख्या 179 पार्षद छंगामल मौर्य के निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाए गए अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत सिंधु नगर में स्थित पार्क में पौधा रोपा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राममूर्ति लाल मौर्य, राजबहादुर सक्सेना, राम बहादुर मौर्य, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, बृजेश मिश्रा, छंगामल मौर्य, अजय रत्नाकर, राजेश पटेल, सुशील गुप्ता, आशीष सक्सेना, रविंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, सोनू कश्यप, रंजीत मोनू आदि मौजूद रहे।

B.I.U.
Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं सुनीं और भजनों पर झूमे भक्त


बिहारीजी मंदिर में श्रीकृष्ण के भजनों पर झूमते भक्त। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बिहारीपुर स्थित बिहारी जी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार शाम कथाव्यास व्योम त्रिपाठी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा का मोहक वर्णन किया।

उन्होंने श्रीकृष्ण के वाक्चातुर्य, बहादुरी का वर्णन कर बताया कि किस प्रकार भगवान ने पूतना, अघासुर, वकासुर और केशी का वध कर उन्हें मुक्ति प्रदान की। कालिया नाग का मर्दन कर गोकुल वासियों को उसके भय से मुक्त कर यमुना के जल को विष मुक्त किया। देवराज इंद्र का मानमर्दन करते हुए गिरिराज गोवर्धन को उठाकर गोकुल वासियों की रक्षा की। इस बीच श्रीकृष्ण के भजनों पर भक्त जमकर झूमे। अतुल कपूर, सोनिया अतुल कपूर, ओम कपूर, अंश कपूर, यजमान राजीव अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, शिवेन मेहरोत्रा, सोनी मेहरोत्रा, चमन मेहरोत्रा, संगीता मेहरोत्रा, हर्षित मेहरोत्रा, उन्नति मेहरोत्रा, विदिश मेहरोत्रा, अमित खोसला, रानी खोसला, रुक्मिणी शर्मा, शोमुल शर्मा, अमित कपूर, मीनू कपूर, अरुणा कपूर, शिवम कपूर, स्तुति कपूर, आनिया कपूर, संजीव गर्ग, रीना गर्ग, मुकेश मेहरोत्रा, नरेंद्र लूथरा, मोना लूथरा, विकास मेहरोत्रा, शिवम कपूर, विक्रम, पारस नाथ शर्मा, गिरिजा शंकर कक्कड़, पवन, पायल, शोभा टंडन, सीमा गोसाईं, मनोज गोसाईं मौजूद रहे।

# कथा श्रवण से मिलती है पापों से मुक्ति

कार्यालय संवाददाता,बरेली

- बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में बोले पंडित सुरेश शास्त्री


कथा सुनाते पंडित सुरेश शास्त्री।

**अमृत विचार:** बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा रविवार से शुरू हो गई। वृंदावन से आए भागवताचार्य पंडित सुरेश शास्त्री ने पहले दिन मंगलाचरण करते हुए कहा कि भगवान सच्चिदानंद स्वरूप हैं। सच्चिदानंद का अभिप्राय है कि परमपिता परमात्मा जिनका सत चित एवं प्रकाश स्वरूप है। इनका स्मरण करने मात्र से व्यक्ति के तीनों प्रकार के पापों का शमन हो जाता है।

कथा व्यास कहते हैं कि तीन प्रकार के पाप होते हैं दैहिक, दैविक और भौतिक, इसलिए उन पापों को दूर करने के लिए श्री राधा कृष्ण का ध्यान करें। उन्होंने श्रीमद् भागवत को वेद वृक्ष का पका हुआ फल बताया, जोकि रस से परिपूर्ण है। इसमें त्याग के लिए कुछ भी नहीं है, अर्थात सब पावन ही पावन है।

श्रीमद्भागवत कथा के मनन मात्र से व्यक्ति विशेष के सभी पापों से मुक्ति मिल सकती है। जिस प्रकार शेर की गर्जना से जंगल में मौजूद सभी पशु-पक्षी डर के भाग जाते हैं, उसी तरह मात्र श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मानव को दुर्गुण से सगुण के पथ पर लाकर कल्याण की ओर अग्रसर करती है। मुख्य बात है कि मनुष्य को अपना भाव परमात्मा के प्रति निश्चल, सत्यता के साथ समर्पित रखना होता है। कथा व्यास ने बताया कि जिसने भागवत कथा श्रवण की, उसे गंगा स्नान के बराबर पुण्य और तुलसी सेवा का फल, तीर्थ वास के बराबर पुण्य सहज में प्राप्त होता है। कथा व्यास ने धुंधकारी एवं गोकर्ण का उपाख्यान सुनाया, जोकि ब्राह्मण आत्मदेव और धुंधली के जुड़वां पुत्र थे। धुंधकारी अनैतिक कार्य में लिप्त रहते थे, जबकि गोकर्ण भगवत सुमिरन और वेद पुराण के पठन-पाठन में अपना ध्यान ईश्वर के प्रति लगाते थे। कथा व्यास कहते हैं कि धुंधकारी को सभी प्रकार के अनैतिक कार्यों में अपना जीवन व्यतीत करने के बाद प्रेत योनि में अति कष्ट सहने पड़ें। इस पर उनके भाई गोकर्ण ने उनको श्री मद्भागवत कथा के श्रवण कराया तब धुंधकारी का भी उद्धार सम्भव हो जाता है और धुंधकारी को प्रेत योनी से मुक्ति मिल जाती है।

ब्रह्मा जी के अनुसार सभी प्रकार के विघ्न और पाप कर्मों से सद्गति पाने के लिए भगवान का ही वास्तविक स्वरूप श्रीमद्भागवत महापुराण है। भक्तों ने श्रीमद्भागवत पुराण की आरती की। कथा व्यास का मंदिर कमेटी के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि कथा 5 जुलाई तक सांयकाल 4 से 7 बजे तक अनवरत चलेगी। सुभाष मेहरा, ब्रिजेश मिश्रा का मुख्य सहयोग रहा।

## अवकाश के दिन काटे 500 बिजली कनेक्शन

**बरेली, अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की एमडी रिया केजरीवाल ने शनिवार को जिले के अधिकारियों के साथ बैठक में राजस्व वसूली को शत-प्रतिशत करने को कहा था। अधिशासी अभियंता को 10 हजार रुपये से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं के घर जाकर बकाया बिल जमा कराने को कहा था। इसके बाद रविवार को अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलकर बकाया बिल जमा कराए गए। वहीं बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल के निर्देश पर कॉमर्शियल टू की टीम ने रविवार को बकाया बिल वसूली के लिए अभियान चलाया और लगभग 500 कनेक्शन बकाया बिल पर काटे। इसके साथ ही 40 लाख रुपये का बकाया बिल जमा कराया। अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने बताया कि शहरी क्षेत्र में तेजी के साथ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो उपभोक्ता समय से बिजली का बिल जमा नहीं कर रहे हैं उनके ऑटोमेटिक कंप्यूटर सिस्टम से बकाया बिल पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है।

# कलयुग की यशोधरा : बीस बरस बाद लौटा नरेश तो माता-पिता भी उसे सौंप दिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रिद्धिमा के सभागार में कलाकारों ने नाटक का किया मंचन


रिद्धिमा के सभागार में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में रविवार शाम पारिवारिक नाटक कलयुग की यशोधरा का मंचन हुआ।

यशोधरा और सिद्धार्थ की कहानी से प्रेरित इस नाटक की मुख्य पात्र नताशा है। परिवार में पति नरेश, बच्चे प्रखर, दक्षिता और सास-ससुर हैं। नरेश घर छोड़ कर चला जाता है। नरेश के जाने की बात नताशा सास-ससुर को बताती है तो वे नताशा को ही दोषी बताते हैं। नताशा की सहेली स्नेहा उसे हिम्मत देती है और सिलाई करने के प्रेरित करती है। स्नेहा के पास टेलरिंग का डिप्लोमा भी है। इसी तरह संघर्ष करते हुए बीस साल निकल जाते हैं। नताशा बेटी दक्षिता की शादी तय करती है। घर में वैवाहिक मंगल गीत चल रहे हैं, तभी नरेश अचानक आ जाता है। नताशा उसे देखकर स्तब्ध हो जाती है, लेकिन माता-पिता खुश होते हैं। प्रखर और दक्षिता भी अपने पिता को नहीं पहचान पाते। नरेश की मां नताशा को कहती हैं कि वह कितने शुभ दिन पर यहां आया है। पिता नरेश से कन्या दान को कहते हैं, लेकिन दक्षिता कन्यादान नहीं कराना चाहती। नताशा पति से वापस आने का कारण पूछती है पर उसके पास कोई उत्तर नहीं। नरेश वापस जाने लगता है, तब नताशा उसे रोक कर कहती है कि जैसे यशोधरा के दरवाजे से सिद्धार्थ खाली हाथ वापस नहीं गया था, उसी तरह तुम भी खाली हाथ वापस नहीं जाओगे और नरेश के माता-पिता को उसे सौंप देती है। यहीं पर नाटक समाप्त हुआ। डॉ. रचना गुप्ता लिखित कहानी कलयुग की यशोधरा का नाट्य रूपांतरण डॉ. प्रभाकर गुप्ता और अश्वनी कुमार ने और निर्देशन विनायक कुमार श्रीवास्तव ने किया। नाटक में सोनालिका सक्सेना ने (नताशा), मनोज शर्मा ने (नरेश) की भूमिका निभाई। चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष ने भी लिखाई रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** मोहल्ला बजरिया यादवों वाली पुलिया निवासी आकांक्षा यादव ने बताया कि वह डाक विभाग में ग्राम खनगांव श्याम में कार्यरत हैं। वह घरेलू सामान खरीदने के लिए लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप मार्केट में गई थीं। वहां नेहा शर्मा पत्नी प्रवीण कुमार शर्मा और उनकी तीन अन्य सहेलियों ने उनके साथ मारपीट की। वहीं, नेहा शर्मा ने 19 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 18 जून को वह सहेलियों के साथ एक रेस्टोरेंट में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गई थीं। आरोप है कि वहां आकांक्षा यादव ने मारपीट की थी। पुलिस ने अब आकांक्षा यादव की ओर से नेहा शर्मा के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जगमोहन पुत्र श्री नौहरी निवासी वार्ड नं. 5 चन्द्रगुप्तनगर (परागीपुरवा) नगर पंचायत निघासन थाना व तहसील निघासन खीरी।**

सूचना
मैं श्यामगंज से सैलानी रोड बरेली जरूरी कार्य से जा रहा था। मेरे पास एक बैग था जिसमें असल बैनामा जो काज़ी सगीर उद्दीन ने अथरअली से खरीद किया था। रजि. दिनांक 24.02.2015 को बुक सं. 01 जिल्द 7049 पेज 231 से 248 क्रमांक 2145 पर हुयी है तथा एक अन्य असल बैनामा जो अकबर अली खान व अथर अली खान ने काजी सगीर उद्दीन से खरीद किया था जिसकी रजि. 09.11. 2010 को बुक संख्या 01 जिल्द 3780 पेज 343 से 370 क्रमांक 10447 पर हुयी है। जो मेरे द्वारा खरीद की गयी सम्पत्ति मकान संख्या 128/179 नया नम्बर 185 घेर जाफर खान, पुराना शहर, बरेली पिछले बैनामा थे। रास्ते में गिर गये हैं। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल पाया। उक्त दस्तावेजों का प्रयोग अवैध होगा। **फय्याज अली पुत्र श्री रज़ा अली नि.- 137 घेर जाफर खां, पुराना शहर, बरेली मो. 9412345204**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# सपा : कैंट विधानसभा क्षेत्र की कमेटी घोषित

कार्यालय संवाददाता, बरेली


नियुक्ति पत्र वितरित करते सपा महानगर अध्यक्ष। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सपा के कैंट विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रोहित राजपूत ने 28 सदस्यीय कमेटी घोषित कर दी। रविवार को पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी की अध्यक्षता में बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गए।

रोहित राजपूत ने बताया कि इश्तियाक सकलैनी को महासचिव बनाया गया है, जबकि पूर्व पार्षद मुशर्रफ अंसारी, सीपी आर्या, दानिश अजहर और योगेश गंगवार को उपाध्यक्ष, महेंद्र विक्रम सिंह को कोषाध्यक्ष, नीरज सैनी, एड. राजेंद्र लोधी, रजत यादव, कुलदीप राना व सलीम अंसारी को सचिव बनाया है। वहीं सुनील यादव, श्याम सिंह यादव, आदित्य सोम वर्मा, मुकेश मिश्रा, गोपाल लोधी को सदस्य बनाया है।

महानगर अध्यक्ष शमीम सुल्तानी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कैंट विधानसभा की कमेटी में सभी जाति और वर्गों को सम्मान दिया गया है। रोहित राजपूत ने बहुत मजबूत कमेटी का गठन किया है। सभी लोग मिलकर 2027 में कैंट विधानसभा निश्चित रूप से जीतेंगे। इस अवसर पर राजेश अग्रवाल, पंडित दीपक शर्मा, डॉ. अनीस बेग, राजेश मौर्य, इश्तियाक सकलैनी, महेंद्र विक्रम सिंह, ऋषि यादव, नाजिम कुरैशी, भगवान दास लोधी, दिलीप कुमार, जितेंद्र लोधी, गया राम लोधी, रजत यादव, संजीव कश्यप, सीपी आर्या, हरिओम प्रजापति आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों की बुकिंग पर 80 प्रतिशत तक अनुदान

**बरेली, अमृत विचार:** किसान अपनी जरूरत के हिसाब से कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इसके लिए विभाग का पोर्टल खुल गया है। यंत्रों की खरीद पर सरकार 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान देगी।

उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजीड्यू, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन और अन्य योजना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कस्टम हायरिंग सेंटर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबंधनआदि कृषि यंत्र और कृषि रक्षा उपकरण का लक्ष्य आ चुका है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥

दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब विश्व में चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों में सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया हो। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्यूएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग) की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इंटीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटॅलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम



ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग( एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं। यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### डेढ़ किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भुता, अमृत विचार** : पुलिस ने रविवार को डेढ़ किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने गणेश खेड़ा स्थित हिना भट्ठा के पास घेराबंदी कर दोनों तस्करों को दबोच लिया। जिनके पास से करीब डेढ़ किलो गांजा और बाइक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नाजिम खान पुत्र नजीर अहमद निवासी नंदगांव थाना शाहाबाद जिला रामपुर और आरिफ खान पुत्र रहमत खान निवासी सैदपुर चुन्नीलाल थाना भोजीपुरा बरेली बताया। आरोपियों ने बताया कि अधिक पैसा कमाने के चक्कर में नशीले पदार्थों की तस्करी करते हैं। आरिफ पूर्व में भी नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया।

### पूर्व बार अध्यक्ष से मारपीट की कोशिश, रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार** : जमीन विवाद को लेकर तहसील गेट पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र एडवोकेट के साथ मारपीट की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला शिवपुरी निवासी सतीश चंद्र एडवोकेट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव खेऊ गौटिया में उनकी जमीन है। गांव के दो लोग दबंगई के बल पर शनिवार को उनकी जमीन पर जेसीबी चला रहे थे। पता लगने पर उनके भाई प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने प्रताप सिंह व अन्य आरोपी का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। आरोप है कि जमानत पर छूटने के बाद आरोपी व उसके तीन अन्य साथियों ने शाम को उनके साथ तहसील गेट पर गाली गलौच की और मारपीट पर आमादा हो गए।

### मारपीट की दो घटनाओं में तीन लोग घायल

**शीशगढ़, अमृत विचार** : दो मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बा निवासी शौकीन शाह ने बताया कि पुत्र मो. हनीफ से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि पुत्र ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें वह घायल हो गए। वहीं ग्राम जगदीशपुर निवासी कृष्णस्वरूप ने बताया कि उनका खेत को लेकर गांव के ही केदारनाथ, मोहनस्वरूप व कमल किशोर से विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपियों ने उनके खेत में गन्ना डाल दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी पत्नी कलावती व पुत्रवधू गीता देवी को मारपीट कर घायल कर दिया।

### महिला से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**देवरनियां, अमृत विचार** : गांव बिहारीपुर इस्तमुरारपूर निवासी चमेली देवी पत्नी मंगल सेन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 23 जून को वह घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी हरीश उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर हरीश, शिब्बा व अन्य लाठी डंडों से उसे पीटने लगे। उसके भाई राजपाल के साथ भी मारपीट की गई। कोतवाली प्रभारी अशुतोष द्विवेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# सड़क हादसे में किशोर की मौत, हत्या का लगाया आरोप

## कुछ लोगों से हुआ था विवाद, मृतक के दो दोस्त पुलिस हिरासत में

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार** : सड़क हादसे में बाइक सवार किशोर की मौत हो गई। मृतक के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूछताछ के लिए किशोर के दो दोस्तों को हिरासत में लिया है।

कस्बे के मोहल्ला खेड़ा में स्टेट बैंक चौराहे के समीप रहने वाले शेखर ने बताया कि वह नगरपालिका में ठेका सफाई कर्मी है। उनका 17 वर्षीय बेटा राज रोडवेज बस स्टॉप के समीप एक बरात घर में सफाई का काम करता था। शनिवार रात करीब 7:45 बजे बेटा पड़ोस में रहने वाले दो दोस्तों के साथ बाइक से बरात घर में एक कमरे की सफाई करने की बात कहकर गया था। रात में 10:30 बजे बेटे का भुर्जी टोला मोहल्ले में कस्बे के ही कुछ लोगों से झगड़ा हो गया। हालांकि, अन्य लोगों ने उनके बीच समझौता करा दिया। रात्रि करीब 12 बजे सूचना मिली कि बेटे का कस्बे के नालापार मोहल्ले के समीप एक्सीडेंट हो गया है।



राज का फाइल फोटो

उन्होंने बताया कि उसके बेटे को कस्बे के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह बेटे को बरेली शहर में एक अस्पताल में ले गए। वहां भी उसे मृत होना बताया गया। उनका आरोप है कि हमला कर बेटे की हत्या की गई है। कहा कि यदि एक्सीडेंट होता तो बेटे के दोनों साथी घायल होते और बाइक भी छतिग्रस्त होती, मगर ऐसा नहीं हुआ। फिलहाल, पुलिस मृतक के दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। परिजनों के अनुसार राज तीन बहन और दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है। तीनों बाइक सवार शराब के नशे में थे। बाइक फिसलने से बाइक चालक की मौत होने का अनुमान है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। मृतक के दो साथियों से पूछताछ की जा रही है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# वन विभाग की टीम ने की कांबिंग तेंदुआ के पग चिह्न होने से इन्कार

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार:** हाफिजगंज क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर के पास खेतान फैक्ट्री में तेंदुए देखे जाने के बाद दहशत का माहौल है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में पग चिह्न दिखने के बाद गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वह पग चिह्न किसी अन्य जानवर के हैं।

खेतान फैक्ट्री में शुक्रवार को तेंदुआ दिखा था। जिसका वीडियो फैक्ट्री के चौकीदार अजय पाठक ने छत से बनाया था। जो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिससे लगातार ग्रामीण क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उसके बाद रविवार को नवाबगंज के नजदीकी गांव हरदुआ किफायतुल्लाह में ग्रामीणों को खेत में पग चिह्न दिखाई दिए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने खेत में दिखाई दे रहे पग चिह्न की वीडियो बनाकर वन दरोगा अकबर अली को भेजा, जिसके बाद उन्होंने तेंदुए के पग चिह्न होने से इन्कार कर दिया। वन दरोगा अकबर अली का कहना है कि पग चिह्न में जो नाखून दिख रहे हैं तेंदुए में ऐसे नाखून नहीं होते हैं। यह किसी कुत्ता प्रजाति के पग चिह्न हैं। गांव के प्रधान इरशाद अहमद, भीम आर्मी के नेता शाकिर अली और गांव के ही हरपाल सिंह सहित कई ग्रामीणों ने वन विभाग से पग चिह्न की जांच कराने की मांग की है। हालांकि वन विभाग की तरफ से रविवार को जहां पग चिह्न दिखाई दिए हैं, वहां पर कांबिंग की लेकिन तेंदुए देखे जाने की पुष्टि नहीं की।



## सार-संक्षेप

### रासलीला में कंस वध का किया मंचन



**आंवला, अमृत विचार** : कस्बे के रामनगर रोड स्थित एक बरात घर में आयोजित श्री कृष्ण रासलीला महामहोत्सव के 7वें दिन कंस वध का मंचन किया गया। श्री कृष्ण के जयकारों से बरात घर गुंजायमान हो गया। बरसाना धाम के कलाकारों ने कंस वध, श्री कृष्ण का बृज से आगमन, भगवान परशुराम के धनुष का खंडन आदि लीलाओं का मंचन किया। इस दौरान सूरजभान गुप्ता, संजय अग्रवाल उर्फ बॉबी, रानू अग्रवाल, धनवीर सिंह, अंकित शर्मा, राधाकृष्ण एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### मंत्री ने मनौना धाम परिसर में किया पौधरोपण



**आंवला, अमृत विचार** : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह और महंत ओमेंद्र सिंह महाराज के साथ मनौना धाम परिसर में पौधरोपण किया। मंत्री ने बाबा श्याम के दर्शन कर भाजपाइयों के साथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं। मंदिर व्यवस्थापक आर्येंद्र सिंह चौहान के साथ बरगद, पीपल, जामुन, शहतूत आदि पौधे लगाए। इस दौरान एसडीएम एनराम, पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख पति वेदप्रकाश यादव, मित्रपाल सिंह, अवनीश तिवारी एडवोकेट, आशु सिंह एडवोकेट, प्रभाकर शर्मा, वन विभाग से शीशपाल सिंह बिष्ट, अवनेश गंगवार, अमित राणा, अजय गंगवार, माखन लाल, प्रमोद यादव, दीपक आदि मौजूद रहे।

### एमएलसी ने किया पौधरोपण



**रिठौरा, अमृत विचार** : मोहल्ला धर्मपुर में एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने प्रधानमंत्री के "मन की बात" कार्यक्रम सुनने के बाद ब्रह्मदेव स्थल पर पौधरोपण किया। इससे पहले उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार कश्यप, सभासद वीरपाल कश्यप, रवींद्र कश्यप, जयदेव मौर्य एडवोकेट, पप्पू कश्यप, दिनेश भास्कर, गुड्डू यादव, डॉ. प्रहलाद राठौर, सूरजपाल मिश्रा, मोहनलाल, तरुण कश्यप आदि मौजूद रहे।

### वैश्य समाज संगठन ने प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**आंवला, अमृत विचार** : वैश्य समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अजय केसरी शनिवार देर रात कस्बा पहुंचे। उन्होंने बजीरगंज अड्डा स्थित महिला संगठन की जिलाध्यक्ष शोखी अग्रवाल के आवास पर बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष ने 12 जुलाई को नंदकिशोर नंदी के कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की। पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक में सुनील गुप्ता, जूही वर्मा, डॉक्टर विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**नवाबगंज, अमृत विचार** : कस्बे में 'प्रधानमंत्री के मन की बात' कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधायक डॉ. एम पी आर्य और जिला उपाध्यक्ष नीरेन्द्र सिंह राठौर, केशव गुप्ता, दीपक सुरी, मनोज दिवाकर, नाथूलाल आर्य, आशीष गुप्ता, राजीव सक्सेना, राकेश, संजीव, गुड्डू, मुरारी लाल, अरविन्द शुक्ला आदि ने पौधरोपण किया।

### पोल में उतरे करंट से भैंस की मौत

**भमोरा, अमृत विचार** : पोल में उतरे करंट की चपेट में आकर भैंस की मौत हो गई, जबकि युवक बाल-बाल बच गया। ग्राम खेड़ा निवासी अमरपाल ने बताया कि खेड़ा मढ़ी गेट के पास पोल है। जिससे एलटी लाइन गुजर रही है। रविवार सुबह भैंस को पानी पिलाने बाहर लाए थे। अचानक भैंस पोल से टकरा गई। पोल में करंट आने के चलते उसकी मौत हो गई। गनीमत रही कि उसके हाथ से भैंस की जंजीर छूट गई, नहीं तो वह भी करंट की चपेट में आ जाता।

### स्मैक तस्कर के भाई को हिरासत में लिया

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : एसओजी ने सीबीगंज में एक स्मैक तस्कर के भाई को हिरासत में लिया है। दरअसल, सीबीगंज क्षेत्र के एक गांव में स्मैक की खेप पकड़ी गई थी। आरोपियों ने स्मैक कस्बा और भिटौरा फाटक के पास के गांव के तस्करों की बताई। एसओजी ने डेरा डाल रखा था। शनिवार देर शाम एसओजी ने कस्बे में दबिश दी। खबर मिलते ही तस्कर भाग गए। टीम ने एक तस्कर के भाई को हिरासत में लिया है। रविवार को भी एसओजी ने छापामारी की मगर तस्कर हाथ नहीं आए।

# बिजली कर्मी को चेयरमैन के फोन से मिली धमकी

कार्यालय संवाददाता, देवरनियां

**अमृत विचार** : नगर पंचायत चेयरमैन अब एक नए मामले में फंस गए हैं। उनके फोन से बिजलीघर पर तैनात संविदा कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित कर्मी ने कोतवाली में तहरीर दी है।

मुंडिया जागीर निवासी संविदा कर्मी जगदीश बाबू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह उप खंड अधिकारी और अवर अभियंता के आदेश पर बकाएदारों के कनेक्शन काटने का अभियान चला रहे हैं। बताया कि शनिवार रात उन्हें कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि जिस नंबर से फोन किया गया, वह नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी का है। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है।

> मामले में तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।
> – आशुतोष द्विवेदी, थाना प्रभारी देवरनियां

- पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

### चेयरमैन बोले, मेरे फोन से दूसरे व्यक्ति ने की थी कॉल

चेयरमैन मोहम्मद कलीम अंसारी ने बताया कि उन्होंने किसी को कोई धमकी नहीं दी है। कस्बे के ही एक व्यक्ति ने उनका फोन लेकर कॉल की थी। उसने मुझसे दूर हटकर बात की थी, उन्हें नहीं पता कि उसने क्या बात की। कहा कि वह किसी से गलत व्यवहार नहीं करते हैं।

# जुलूस के रास्ते बदहाल, लोग भड़के

**दुनका, अमृत विचार** : टांडा दुनकी मार्ग और इस्लामनगर मोहल्ला में जर्जर सड़क पर कीचड़ पसरा हुआ है। यहां से मोहर्रम का जुलूस भी निकलता है। अभी तक मार्ग को ठीक नहीं कराया गया है। इससे ताजियादारों में रोष है। उन्होंने एसडीएम से मार्ग को ठीक कराने की मांग की है।

मोहल्ला टांडा इस्लाम नगर में सड़क का निर्माण प्रस्तावित है, अभी तक मार्ग का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। बारिश के मौसम में सड़क पर चलना दूभर हो जाता है। इस बार भी ताजियादारों को इसी कीचड़ भरी रास्ते से गुजरना पड़ेगा। दुनका निवासी जुबैर अहमद, बाबू अहमद, शरीफ अहमद, शकील अहमद आदि ने एसडीएम से रास्ता सही कराने की मांग की है। ग्राम प्रधान दुनका अफसर अहमद ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की ओर से इस मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कर्मी लगातार गांव में सफाई करते हैं। अगर कहीं गड्ढ है तो उसे जल्द सही कराया जाएगा।



जर्जर मार्ग के बारे में जानकारी देते लोग। ● अमृत विचार

- ताजियादारों ने एसडीएम से मार्ग ठीक कराने की मांग की



सड़क पर जलभराव और कीचड़।

# साइबर ठग ने खाते से एक लाख रुपये उड़ाए

**बहेड़ी, अमृत विचार** : साइबर ठग ने एक व्यक्ति के खाते से एक लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला महादेवपुरम निवासी रमेश चन्द्र राठौर के अनुसार उसका प्रिंटर खराब हो गया था। उसने प्रिंटर सही कराने के लिए गूगल पर कंपनी का नंबर सर्च कर फोन किया।

कुछ देर बाद दूसरे नंबर से उसके पास फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उसे पांच सौ रुपये देने होंगे। कंपनी का व्यक्ति उनका प्रिंटर सही करने घर पहुंच जाएगा। आरोप है कि साइबर ठग ने ऑनलाइन खाते से पांच-बार में 20-20 हजार रुपये निकाल लिए। उनके साथ एक लाख रुपये की ठगी कर ली गई।

# बदमाशों ने महिला के कुंडल खींचे

- पुलिस ने क्षेत्र में की कांबिंग, मगर हाथ नहीं आए लुटेरे
- हाईवे पर गांव ट्यूलिया के पास हुई वारदात

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर गांव ट्यूलिया के पास शनिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने महिला के कान से कुंडल खींच लिए। पुलिस ने क्षेत्र में कांबिंग की मगर बदमाश हाथ नहीं आए। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कस्बा शाही के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी नितिन सिंह शनिवार को मां ममता देवी के साथ बाइक से भुता के गांव पाऊ नगला जा रहे थे।

रात करीब साढ़े आठ बजे हाईवे पर गांव ट्यूलिया के समीप पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी मां के कानों से कुंडल खींच लिए। नितिन ने पीछा करने की कोशिश की तो बदमाशों ने तमंचा दिखाया। इस पर वह वहीं रुक गए। सूचना देने के करीब एक घंटा बाद पहुंची पुलिस ने इलाके में कांबिंग की मगर बदमाशों का सुराग नहीं लगा। पुलिस का कहना है कि बदमाशों की तलाश जारी है।

### 10 लाख रुपये लेकर नहीं भेजे चावल

**बहेड़ी, अमृत विचार** : कस्बे के युवक ने बिहार के एक व्यक्ति व उसके दो साथियों पर 10 लाख रुपये लेकर चावल न भेजने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी आसिफ ने बताया कि उन्होंने बिहार के किशनगंज निवासी संजीव विश्वास के साथ एक ट्रक चावल का सौदा किया था। उनकी फर्म के पार्टनर अखलाक अहमद ने बिहार जाकर चावल का ट्रक लोड कराया और 10 लाख रुपये संजीव विश्वास के खाते में ट्रांसफर कर दिए, लेकिन चावल का ट्रक नहीं भेजा गया। रुपये वापस मांगने पर संजीव विश्वास ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आसिफ का आरोप है कि संजीव विश्वास, गोदाम मालिक प्रहलाद और उसके साथी अतुल ने साजिश के तहत उनके पैसे हड़प लिए और चावल नहीं भेजा। इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# पटरियों की मरम्मत से क्रासिंग बंद, लोग परेशान

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : बदायूं-दातागंज मार्ग पर बिलपुर रेलवे फाटक नंबर 344 पर तीसरे दिन रविवार को भी वीसीएन मशीन से पटरियों की मेंटीनेंस का कार्य किया गया।

इस वजह से क्रॉसिंग बंद रही। वाहन निवड़िया क्रॉसिंग व टिसुआ से निकाले जा रहे हैं। पैदल आने जाने वालों एवं साइकिल सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अभाव में कई भारी वाहन क्रासिंग की ओर आए गए। इस कारण मार्ग पर जाम की स्थित बन गई। यातायात को सुचारू रखने में थाना प्रभारी संतोष सिंह जुटे हैं। फिर भी वाहन रेलवे फाटक पर पहुंच जाते हैं। इससे जाम की समस्या पैदा हो जाती है।

# अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई



एसडीएम को ज्ञापन देते हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार** : हिंदू जागरण मंच ने एसडीएम उदित पवार को ज्ञापन देकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष हरपाल सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन जारी है।

बताया कि अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से चेना के पुष्पेंद्र और पुरैनिया के सुमित कुमार की जान चली गई थी। जिस ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार थी, उसका रजिस्ट्रेशन नहीं था। आरोप है कि चालक के पास डीएल भी नहीं था। अनिल गुप्ता, सर्वेश सैनी, वीरपाल गंगवार, मुनेंद्र पाल,सिंह वीरेंद्र सिंह, राकेश, सुनील, इंद्रपाल सक्सेना, शिव जाटव, राम लखन सिंह, खेमकरण गंगवार आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन की शिकायत, इंस्पेक्टर को कार्रवाई के निर्देश

**कैंट, अमृत विचार** : पालपुर-कमालपुर के मझरा रहमानपुर से अवैध खनन किया जा रहा है। भौआपुर निवासी अर्जुन राठौर ने शनिवार दोपहर को खनन माफिया का खनन करके ले जाते हुए वीडियो टैग कर एक्स पर पुलिस अफसरों से शिकायत की। पुलिस अधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक कैंट को मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि बभिया, चौबारी, परगवां, लखौरा आदि गांवों से अवैध खनन हो रहा है। बभिया चौकी के पास से रोजाना सैकड़ों ट्राली मिट्टी खनन करके ले जा रही हैं, लेकिन पुलिस इससे अनजान बनी हुई है।

# टूटे तार पर पड़ा पैर करंट से झुलसा ग्रामीण

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : गांव ग्राम चटिया चटनपुर निवासी राजपाल (45) शनिवार दोपहर पशु चरा रहे थे। रघुवीर के खेत में 11 हजार वोल्टेज की लाइन का तार टूटा पड़ा था। राजपाल का पैर उसपर पड़ गया। करंट लगने से वह बुरी तरह से झुलस गए। उन्हें फरीदपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से तार टूटा पड़ा था। इसकी शिकायत विभाग से की गई थी मगर इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

# मुठभेड़ के बाद बहेड़ी पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार, की जा रही पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बहेड़ी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया किया है। एक बदमाश गोली लगने से घायल हुआ है।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र ने बताया कि बहेड़ी पुलिस को सूचना मिली कि कस्बे से बाहर कुछ बदमाश चोरी करने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो बदमाश पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और एक बदमाश घायल हो गया। बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। पकड़े गए बदमाश का नाम जुनैद निवासी मिती डांडी थाना बहेड़ी और दूसरे बदमाश का नाम अरमान निवासी जाम बाजार थाना बहेड़ी है।

दोनों आरोपियों को कब्जे से पुलिस ने 315 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस, एक खोखा, एक मोटर साइकिल और एक बोलेरो कार के अलावा 4500 रुपए बरामद किए हैं। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# प्रभारी निरीक्षक और दरोगा पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार ने थाना प्रभारी निरीक्षक और दरोगा पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की शिकायत महिला आयोग के सदस्य पुष्पा पांडेय से की है।

शाही के गांव पस्तोर निवासी ममता गंगवार वार्ड 26 से जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने बताया उनके पास क्षेत्र के तमाम पीड़ित आते हैं। जिनकी सिफारिश वह करती हैं। एक पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उन्होंने शुक्रवार को दरोगा मो. उमर और थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह को फोन किया, मगर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इस पर वह बात करने थाना गईं। उनका आरोप है कि पीड़ित की समस्या का समाधान करने को कहा तो दोनों ने अशोभनीय व्यवहार किया। उन्होंने पुलिस पर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए हैं। हल्का दरोगा मोहम्मद उमर ने बताया कि भूड़ मड़ौली में हुई आत्महत्या के मामले की जांच को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। थाना प्रभारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि जांच के दौरान जो तथ्य मिले हैं, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दोनों ने जिला पंचायत सदस्य के आरोप निराधार बताए।

# मानचित्र पास करने पर नगर पालिका को बीडीए का नोटिस

**फरीदपुर, अमृत विचार:** सीमा क्षेत्र के विस्तार के बाद बन रहीं कॉलोनियों, व्यवसायिक, शैक्षणिक व आवासीय भवनों के मानचित्र नगर पालिका द्वारा पास करने पर बीडीए ने नोटिस जारी किया है। 21 जून को बीडीए की टीम ने हाईवे किनारे बन रही एक कॉलोनी की सड़क को ध्वस्त कर दिया था। कॉलोनाइजर ने पालिका की ओर से पास किया गया मानचित्र दिखाया तो टीम ने उसे अवैध बताया था। इस संबंध में कॉलोनाइजरों ने पालिका कार्यालय पहुंचकर बात की तो उन्हें बताया गया गजट एवं पालिका क्षेत्र के सीमा विस्तार के बाद ही मानचित्र पास किए गए हैं। मामले में बीडीए की ओर से पालिका के अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर 30 जून तक आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया है। हिदायत दी गई कि अधिसूचना के बाद पालिका द्वारा कोई मानचित्र स्वीकृत न किया जाए। यदि पूर्व में किया गया है तो उसे निरस्त कर प्राधिकरण को अवगत कराया जाए।


सेक्शन–1

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।

(पता :–कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 430/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/2025–26 दिनांक :–21.06.2025

–: ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना:–

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ में मार्ग/भवन निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि बिड सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सांसद निधि (16वीं लोकसभा) – बदायूँ। | | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | ग्राम मानकपुर में कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | उझानी | 12.992 | 0.26 | 766.00 | 03 माह |
| 2. | बदायूँ | ग्राम रूदैना घंघोसी में इण्टरलाकिंग रबर बोर्ड कार्य। | अम्बियापुर | 9.182 | 0.19 | 766.00 | 03 माह |
| 3. | बदायूँ | ग्राम दियोहरा शेखपुर मजरा सूरजनगला में मान सिंह के घर से शेर सिंह के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | सहसवान | 12.109 | 0.25 | 766.00 | 03 माह |
| 4. | बदायूँ | ग्राम औरंगाबाद में बारातघर निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 5. | बदायूँ | अम्बियापुर में रैन बसेरा निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 13.396 | 0.27 | 766.00 | 03 माह |
| 6. | बदायूँ | ग्राम बादशाहपुर में बारातघर निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 7. | बदायूँ | ग्राम कादरचौक में बारातघर निर्माण कार्य। | दहगवां | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 8. | बदायूँ | बदायूँ बिल्सी मार्ग पर ग्राम रायपुर मजरा में श्रीराम मन्दिर से विनोद कुमार के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 20.100 | 0.41 | 854.00 | 03 माह |
| 9. | बदायूँ | ग्राम दादरा में शिव मन्दिर से होली के बराबर होते हुये भगतावन सिंह के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | दहगवां | 19.883 | 0.40 | 854.00 | 03 माह |
| 10. | बदायूँ | ग्राम भगतपुर में बारातघर निर्माण कार्य। | बिसौली | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 11. | बदायूँ | ग्राम हरहरपुर मजरा पालपुर में कुवँर पाल के घर से मन्दिर तक सी0सी0 रोड नूिर्माण कार्य। | उझानी | 17.675 | 0.36 | 854.00 | 03 माह |
| 12. | बदायूँ | ग्राम मूसाझाग में बारातघर निर्माण कार्य। | जगत | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |

2. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
3. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करने की तिथि :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
4. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि/समय :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि/समय :–30.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई निविदा के माध्यम से तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :–30.07.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे ।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज –9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साईट http//etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बदायूँ।
राज्यपाल, उत्तर पदेश की ओर से।

UP – 235452 **दिनांक:** 28/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in
**पर उपलब्ध है।**

## एक नजर

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे 1.14 करोड़ पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से 1.14 करोड़ पौधे सड़कों के किनारे लगेंगे, जिसमें यूपीडा की ओर से एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली थी। वन विभाग की तरफ से सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा को 2.50 लाख पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी के सहयोग से मिलकर उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर हैं।

# 75 गोशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, मिलेगा रोजगार

## सभी जिलों में खुलेंगी पंचगव्य औषधि, गो पेंट और जैविक खाद इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जनपद-एक नवाचार मॉडल से युवाओं और महिला समूहों को सशक्त बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' से मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार देने जा रही है। सभी जिलों में पंचगव्य औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण इकाइयां खुलेंगी। इसके लिए हर जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार, गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और बिक्री में लगाया जाएगा। एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई गई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे।

उप्र. गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

### स्थानीय समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण

गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

### बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू

चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

# राष्ट्रपति की मेजबानी को गोरखपुर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह और आयुष विवि के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगी शामिल
- दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किमी की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति सोमवार को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं।

# आठ आईएएस अफसरों के तबादले

## आलोक कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को आज से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र. में पुलिस महकमे के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने पांच आईपीएस के बाद आठ आईएएस और 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव रहे राकेश कुमार सिंह-2 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया। साथ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी पदभार दिया गया। जितेंद्र कुमार रिटायर हो रहे हैं, उनका कार्यभार आलोक कुमार को दिया गया है। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को सोमवार से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश हैं।

तबादलों की इस कड़ी में बीते दिनों प्रतीक्षारत किए गए भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व बनाया गया है। तबादला सूची के अनुसार प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग आलोक कुमार को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, पुनर्गठन समय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक, हिंदी संस्थान के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग में विशेष सचिव रहे योगेश कुमार को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां जबकि आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां रहे डॉ. हीरा लाल को सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग रहीं अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिम्मा दिया गया है। प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा को मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और विशेष सचिव पर्यटन विभाग ईशा प्रिया को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 15 पीसीएस अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दशरथ कुमार को उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर नियुक्त किया गया है, जबकि गजेंद्र कुमार को मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या नियुक्त किया गया है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की कुर्सी दी गई है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या नियुक्त किया गया है। वागीश कुमार शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सोनभद्र बनाया गया है। कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है।

### पांच आईपीएस अफसरों के भी तबादले

**अमृत विचार :** राज्य में पांच आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईपीएस एसबी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी (अ) बनाए गए हैं। वह अभी तक पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन के पद पर थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएससी मुख्यालय रहे सुजीत पांडेय को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। वहीं, एसपी सीआईडी आशीष तिवारी अब सहारनपुर संभालेंगे। उन्हें सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर रहे आरके स्वर्णकार को बतौर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** सोमवार यानी 30 जून को कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस क्रम में 11 पीसीएस अफसरों का रिटायरमेंट आज हो रहा है। इनमें राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, राज नारायण, हनुमान प्रसाद, महेंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, सौरभ शुक्ला शामिल हैं। वहीं, कई आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। इनमें आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, बृजराज सिंह यादव और सुरेंन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। आईपीएस अफसरों में आदित्य मिश्रा, विपिन कु. मिश्रा, राहुल राज और आकाश वर्मा हैं।

# भारी बारिश का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका



**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने का अलर्ट है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मानसूनी बारिश से चहुंओर मौसम में ताजगी और ठंडक घुल गई है।

फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।

# केंद्रीय योजनाओं में बिना बिल नहीं मिलेगा बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 67 योजनाओं में बदलेगा मानक आज कार्यशाला में जानकारी देंगे केंद्र सरकार के अधिकारी

**अमृत विचार :** भारत सरकार की योजनाओं के बजट आवंटन में नए मानक से खलबली मची हुई है। अब कार्यदायी संस्था की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी। इस एसएनए स्पर्श प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसे लेकर सोमवार को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारी बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को विस्तार से बताएंगे।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। शेष 39 योजनाओं में जल्द ही व्यवस्था लागू होनी है, जिसके लिए सोमवार को लखनऊ में कार्यशाला आयोजित की गई है।

भारत सरकार की एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं की धनराशि सही समय पर ही विभागों को हस्तांतरित की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था से केंद्रीय योजनाओं में विकास कार्यों का बजट विभागों के खाते में अनावश्यक नहीं पड़ा रहेगा। काम करने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने पर ही धनराशि देने का नियम लागू किया गया है।

## पीलीभीत के घंटाघर का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीलीभीत स्थित घंटाघर का कायाकल्प होने जा रहा है। इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका जीर्णोद्धार कराएगा, इसके लिए 20.35 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह घंटाघर समय के साथ अपनी पहचान खोता गया, जिसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है। क्योंकि एक समय था जब छात्र हों या व्यापारी, बुजुर्ग हों या कामगार घंटाघर की आवाज से ही दिन की शुरुआत हुआ करती थी।

# महत्वपूर्ण पद खाली रहना स्वीकार्य नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आकांक्षात्मक जिलों और विकास खंडों की प्रगति की मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकांक्षात्मक जिला और विकास खंड राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रिक्ति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी रिक्तियां हैं, वहां त्वरित नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। किसी पद पर कार्यभार सौंपते समय यह अवश्य देखा जाए कि संबंधित प्रभारी अधिकारी दोनों स्थानों पर व्यावहारिक रूप से क्या उपलब्ध रह सकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की गहन समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचारों की उपलब्धि व आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। योगी ने जनभागीदारी, नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन को आकांक्षात्मक विकास खंड एवं आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार बताया। कहा कि सभी विभाग सामूहिक समन्वय और ठोस कार्ययोजना के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें।

फील्ड विजिट रिपोर्ट के अनुसार, 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कुल 272 विद्यालय, 301 आंगनबाड़ी केंद्र, 232 स्वास्थ्य इकाइयां, 229 ग्राम पंचायत सचिवालय एवं 275 अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 497 एफपीओ सक्रिय हैं और 6595 बीसी सखी वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। 106 विकास खंडों ने 'ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटजी' के अनुरूप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के 8 आकांक्षात्मक जनपदों- बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र और श्रावस्ती का भी गहन निरीक्षण किया।

# अलीगढ़ के विवि में एससी वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार किया गया। इसके बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन तेज करेंगे। 2 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा, जबकि 9 जुलाई को देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल होगी। इस बीच, बिजली कर्मियों ने जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रस्तावित आंदोलन के लिए संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के जिलों व परियोजनाओं के दौरे शुरू हो रहे हैं। 30 जून को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी झांसी और परीक्षा ताप बिजलीघर में आम सभा करेंगे। 1 जुलाई को कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजली घर पर आम सभा होगी। 2 जुलाई को सभी जिलों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध सभा कर ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसे हालात की निंदा करेंगे।

## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।

3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार

5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।

8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**


2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।

3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना

4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।

6. सेवा से अवकाश प्राप्त।

7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।



### वर्ग पहेली-16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 आ | ■ | 2 कू | ■ | ■ | 3 मे |
| 4 फे | लो | शि | प | ■ | ■ | ह |
| ■ | ड़ | ■ | मं | ■ | 5 चु | र |
| ■ | न | ■ | डू | ■ | ■ | बा |
| ■ | ■ | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | ■ | ■ | ता | ■ | ति | ■ |
| 9 आ | रा | म | ■ | 10 म | का | म |

## सुडोकू-24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी-09.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 07.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।

**वृष** आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।

**मिथुन** आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।

**कर्क** आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।

**सिंह** आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या** आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्स्टटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।

**वृश्चिक** आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु** आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।

**मकर** आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।

**कुंभ** आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातावरण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन** आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में बनेगा हर परिवार का पहचान पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार की सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए हर घर के लिए विशिष्ट पारिवारिक पहचान बनाने की योजना है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल लाभार्थियों तक पहुंच का दायरा भी बढ़ाएगी और सरकारी विभागों में नियोजन एवं निगरानी के लिए एकीकृत स्रोत के रूप में काम करेगी। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त किए और कर्नाटक निवासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया, आरोपियों में स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा (40) है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे।

### पूर्वी दिल्ली से पकड़े गए 83 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पुलिस ने पूर्वी इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए शुरू विशेष अभियान का हिस्सा है। अभियान के तहत कुल 120 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार में रहते रहे थे। गुप्त सूचना पर चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई।

# जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह

## तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद रैली में कांग्रेस को घेरते हुए शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे राहुल गांधी को इसके प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर हालत देखनी चाहिए।

शाह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र से माओवादियों से बातचीत करने



हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से बात नहीं करने की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 10,000 लोगों ने हथियार छोड़े और मुख्यधारा में शामिल हुए। इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। डेढ़ साल में 2,000 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। गृह मंत्री ने कहा, हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा। आदिवासी इलाकों में नक्सली हिंसा में पिछले 4 दशकों में 40,000 लोगों की जान जा चुकी है। शाह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि कांग्रेस नक्सलियों को तेलंगाना में पनाह न दे दे। हालांकि, उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है।

### 1 अरब डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य

शाह ने कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में एक सभा में उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है। जो (हल्दी) बोर्ड बनेगा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। शाह ने कहा कि 2023 के विस चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित का वादा किया था और इस संबंध में आदेश बाद में जारी हुए थे। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा

**बोबिया, एजेंसी**

तीन जुलाई से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही बीएसएफ की महिला सैनिकों के साथ ही पुरुषों की तैनाती कर सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

3 जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा दो मार्गों से गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार व सेना काफी सतर्क है। वह यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पड़ोसी देश से सट रही देश की सीमा पर निगरानी गढ़ा दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा

### सिन्हा ने की आधार शिविरों में तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नुनवान और चंदनवारी स्थित आधार शिविरों का दौरा किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सुविधा सुरक्षा जांच में दक्षता सुनिश्चित करेगी और श्रद्धालुओं के प्रतीक्षा समय को कम करेगी। सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की।

# हिंदी विवाद : त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

- फडणवीस ने मामला सुझाने के लिए की समिति के गठन की घोषणा

महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की भी घोषणा की। समिति ने इस मुद्दे का अध्ययन और रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन महीने का समय मांगा है।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक त्रि-भाषा नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और नीति के कार्यान्वयन पर समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश वापस लेने का निर्णय लिया है। त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। सरकार (नीति आयोग की पूर्ववर्ती संस्था) योजना आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व कुलपति डॉ. जाधव की रिपोर्ट के आधार पर नया फैसला लेगी।

### हम हिंदी नहीं, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे थोपे जाने के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में विरोध-प्रदर्शन के बाद ठाकरे ने ये बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत शामिल हुए।

## सांस्कृतिक समर्पण



पुणे में रविवार को रथ यात्रा पर इस्कॉन के आयोजित जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालु विविध वेशभूषा में नजर आए। एजेसी

# झारखंड में भारी बारिश, जलमग्न आवासीय विद्यालय से सुरक्षित निकाले गए 162 छात्र

**जमशेदपुर, एजेंसी**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश से जलमग्न हुए निजी विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित निकाला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश से पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे।

एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया, भारी बारिश से जलमग्न हुए आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस थे, जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर भेज दिया, जहां उन्होंने रात बिताई। सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया



बारिश के बाद विद्यालय में पानी भरने के बाद बचाए गए छात्र।

गया। अभियान में नौकाओं का प्रयोग हुआ। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एक मंजिला भवन जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। छात्रों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।

# विधायक विजय प्रताप सिंह 5 साल के लिए आप से निलंबित

**चंडीगढ़।** आप ने रविवार को अमृतसर उत्तर के विधायक एवं पूर्व आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी पर सवाल उठाया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को निलंबित करने का फैसला आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं विधि कॉलेज, पुलिस से हुई तीखी बहस

## कानून की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार रविवार को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज में कानून की छात्रा से पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें ये जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता कहां है। वहीं कॉलेज में प्रवेश को लेकर उनकी पुलिस से बहस भी हुई।

उन्होंने कहा, आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। विधि कॉलेज पहुंचीं अर्चना से कॉलेज में प्रवेश को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एसीपी ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा, उनके साथ आए दो अन्य लोगों को मोबाइल नंबर नोट करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी गई। अंदर वीडियो या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं।

### विरोध में निकाली गईं रैलियां

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शहर के सरकारी विधि कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में रविवार को रैली का नेतृत्व किया और पश्चिम बंगाल में हर बेटी की सुरक्षा की मांग की। कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नागरिक संस्था के सदस्यों द्वारा भी शहर और बाहरी इलाकों में रैलियां निकाली गईं।

# ईसी 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द करेगा अपलोड


**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) जल्द 2003 की बिहार की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। ईसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 4.96 करोड़ मतदाताओं-जो कुल मतदाताओं का 60% और जो 2003 की सूची में शामिल थे, उन्हें जन्म से जुड़े दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## कारोबार/कृषि

# आईआईपी के आंकड़े पर बाजार की नजर

## अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की रहेगी निगाह

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। 1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। 3 जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी होंगे। प. एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2% चढ़ा। वहीं एनएसई का निफ्टी 525.4 अंक या 2% के लाभ में रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र पास आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। बाजार भागीदार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ की पूंजी (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,34,565 .53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। शीर्ष सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग (एससीएन) नोटिस मिला है।

टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन में केंद्रीय जीएसटी और उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा जीएसटी उससे क्यों नहीं मांगा जाए। रांची स्थित केंद्रीय कर आयुक्त (लेखा परीक्षा) कार्यालय से 27 जून को जारी नोटिस में कहा गया कि इनपुट कर क्रेडिट का लाभ केंद्रीय कर अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन करके लिया गया।

# कमोडिटी एक्सचेंज: निवेश का बेहतर मंच




कमोडिटी एक्सचेंज संगठित मंच है जहां विभिन्न वस्तुओं जैसे सोना, चांदी, तेल, गेहूं, कपास आदि की खरीद-बिक्री होती है। यह एक्सचेंज व्यापारियों और निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी वातावरण देता है, जहां वे फ्यूचर्स या वास्तविक वस्तुओं का व्यापार कर सकते हैं। इसके माध्यम से कीमतें वैश्विक मांग-आपूर्ति के अनुसार तय होती हैं। निवेशक यहां मूल्य अस्थिरता से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि इसमें लाभ के साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कि कीमतों में गिरावट, सही रणनीति के बिना निवेश आदि। इसलिए जानकारी से किया गया निवेश ही सुरक्षित होता है।

### क्या है एक्सचेंज

कमोडिटी एक्सचेंज एक ऐसा वित्तीय मंच है, जहां कृषि उत्पाद, धातुएं, ऊर्जा संसाधन आदि जैसी वस्तुओं का व्यापार तय मानकों और अनुबंधों के तहत किया जाता है। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) प्रमुख हैं। ये प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ते हैं और कीमतों में पारदर्शिता लाते हैं।

### निवेशकों को होने वाले फायदे

- **पारदर्शी मूल्य निर्धारण :** मांग-आपूर्ति पर कीमतें तय, धोखाधड़ी की संभावना कम।
- **हेजिंग :** किसान, व्यापारी और उद्योग अपनी कीमतों को भविष्य में लॉक कर सकते हैं।
- **लिक्विडिटी :** बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता, जिससे व्यापार करना आसान।
- **विविध निवेश :** निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो बनाने का मौका।

### निवेशक न लें जोखिम

- **अस्थिरता :** मौसम, राजनीतिक व वैश्विक घटनाओं से कीमतों में उतार-चढ़ाव।
- **जटिलता :** फ्यूचर्स और ऑप्शंस जैसे अनुबंधों को समझना निवेशकों के लिए कठिन।
- **लीवरेज का खतरा :** कम पूंजी से बड़ा सौदा करने पर घाटे का जोखिम बढ़ जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- निवेश से पहले वस्तु के बाजार की गहराई से समझ जरूरी है।
- एक्सचेंज द्वारा तय नियमों और नियामक संस्था की निगरानी से व्यापार सुरक्षित।
- लॉन्ग और शॉर्ट टर्म, दोनों के निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# अनुषंगी इकाइयों में निवेश का मौद्रीकरण करें बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीओ या विनिवेश के लिए 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा है कि वे परिचालन बढ़ाने के बाद अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश के मौद्रीकरण लिए उन्हें एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने पर विचार करें। इससे उन्हें अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल सकेगा।

सूत्रों ने कहा कि मध्यम से दीर्घावधि में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगभग 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार हैं। जहां भी आवश्यक हो बैंकों को अपनी अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यम के परिचालन को बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए और सही समय पर इस निवेश का मूल्य निकालने का प्रयास करना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मौद्रीकरण से पहले बैंकों को कामकाज के संचालन, पेशेवर निर्णय की प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इससे उनकी अनुषंगी कंपनियों की परिचालन दक्षता में सुधार होगा। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भविष्य में परिचालन बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। 24 फरवरी, 2009 को गठित एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त में 509 करोड़ का लाभ कमाया है।

एसबीआई की साधारण बीमा इकाई ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 10 रुपये मूल्य के 3,71,693 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एसबीआई जनरल में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.11से घटकर 68.99% रह गई है। एसबीआई पेमेंट का 74% स्वामित्व एसबीआई के पास है और बाकी हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।

# महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 12.5 किलो के सोने की ईट अपने भंडार में रखता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई अपनी भूमिकाओं को लेकर जारी किया वृत्तचित्र
- केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार कई गुणा बढ़ाया, वर्तमान में 870 टन

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की अहमियत को समझते हुए 1991 के आर्थिक संकट के बाद से सोने का भंडार कई गुणा बढ़ाया है और वर्तमान में यह 870 टन है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को को लेकर जारी वृत्तचित्र में बताया कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से है। जहां अमेरिका में यह 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है।

आरबीआई अनलॉक्डः बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गई है। इसमें आरबीआई ने तिजोरी को दिखाया है। देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की ईंट के रूप में रखता है।

केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाए रहेगा। आरबीआई के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा।

वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र के अनुसार, आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था।

रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था।

**सूर्यकुमार यादव का यादगार कैच :** भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई।

**दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में चाहिए थे 16 रन :** दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई।

**विराट कोहली की शानदार पारी :** इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा। पंड्या ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ तीन अहम विकेट भी चटकाये।

रोहित ने कहा जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला। रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया।

## टी-20 विश्व कप जीत का एक साल पूरा



टी20 विश्व कप-2024 की ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### मैं पूरी रात नहीं सो पाया

रोहित शर्मा ने कहा-मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय टी20 में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

**नॉटिंघम, एजेंसी**

● **कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में शतक लगाकर फैंस का दिल जीत लिया**



भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।

मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है। उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। उन्होंने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट व एक दिवसीय में शतक लगाए हैं, पर यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं।

## एक नजर



नीदरलैंड के ग्रैंड प्रिक्स में मोटो 3 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते हुए स्पेन के राइडर के जोस एंटोनियो। वह रेड बुल टीम के खिलाड़ी हैं। ● एजेंसी

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे-धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की।

### रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता

**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं।

### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी।

# टेस्ट क्रिकेट में बुमराह पर निर्भर है भारतीय टीम

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब भारतीय खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बोले



जसप्रीत बुमराह।

**बर्मिंघम, एजेंसी :** दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने पीटीआई से बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश :



**प्रश्न :** आपने 1984-85 की शृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?

**उत्तर:** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

**प्रश्न:** क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?

**उत्तर :** आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

**प्रश्न:** आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?

**उत्तर:** मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

**प्रश्न:** गावस्कर, सचिन या कोहली?

**उत्तर:** इसका जवाब मेरे लिए आसान है सचिन तेंदुलकर। मैं उनके खिलाफ तब खेला था जब वह 18 साल के थे। मैंने स्लिप में उनका कैच टपका दिया था और उन्होंने इसका फायदा उठाकर शतक ठोक दिया था। इसलिए मैं उनसे हमेशा कहता रहता हूं कि मैंने उनकी मदद की। कोहली शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास सभी तरह के शॉट हैं, वे तेज़ी से रन बना सकते हैं। लेकिन अगर आप उन खिलाड़ियों की बात करें जिनके खिलाफ मैं खेला हूं तो मैं सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। मैं उन्हें सुनील गावस्कर से भी आगे रखूंगा।

**प्रश्न:** आप विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान प्रारूप के प्रशंसक नहीं हैं। ऐसा क्यों?

**उत्तर:** आईसीसी को इस बारे में कुछ करना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों के लिए जो प्रारूप है, लोग निश्चित नहीं हैं कि इसमें क्या हो रहा है, क्योंकि यह दो वर्षों से चल रहा है। कुछ टीमें ऐसी हैं, जैसा कि सभी ने कहा, कि दक्षिण अफ्रीका ने इसलिए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उसने कमजोर टीमों का सामना किया था।

# पंत का पहला सवाल था क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगा

**लंदन, एजेंसी**

● **दुर्घटना के बाद इलाज करने वाले आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने कहीं दिल छू लेने वाली बातें**



ऋषभ पंत।

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे।

यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए।

उन्होंने कहा जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा तथा 635 दिनों के बाद क्रिकेट मैदान पर सफल वापसी की। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड बनाए।

पारदीवाला ने उस दिन को याद किया जब पंत को मुंबई के अस्पताल में लाया गया था, उनका पहला सवाल था, क्या मैं कभी दोबारा खेल पाऊंगा। उन्होंने कहा जब हमने सर्जरी के तुरंत बाद इस पर चर्चा की, तो मैंने उनसे कहा कि आप जीवित हैं, आपके अंग बच गए हैं - यह दो चमत्कार हैं।



चार्लोट में बेनफिका और चेल्सी के बीच क्लब विश्व कप के मुकाबले में गोल करने पर क्रिस्टोफर एनकुंकू को बधाई देते साथी खिलाड़ी। ● एजेंसी

# चेल्सी व पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका) :** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया।

# भारतीय शटलर तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी।


फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।




यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनाती हुईं तन्वी शर्मा। ● एजेंसी

# अल्काराज की निगाहें लगातार तीसरे विंबलडन खिताब पर

**लंदन, एजेंसी**



● **स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ आज करेंगे अपने अभियान की शुरुआत**

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विंबलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।

लगातार तीन विंबलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।

### रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

**लंदन :** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है, लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं। जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। जोकोविच ने कहा क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

# रूस ने यूक्रेन पर किया अब तक का सबसे घातक हमला

● अलग-अलग इलाकों पर दागे 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें

कीव, एजेंसी

रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक, इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि यह हमला फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों इस्तेमाल किया गया था।

सेना के मुताबिक, इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे। खेरसॉन क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# अल्पसंख्यक महिला से दुष्कर्म पर बांग्लादेश में गुस्सा

**ढाका।** बांग्लादेश के कुमिल्ला जिले में एक अल्पसंख्यक महिला से बलात्कार की घटना का वीडियो वायरल होने के बाद रविवार को पूरे देश में आक्रोश उत्पन्न हो गया। मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार कर लिया गया है।

चार अन्य को सोशल मीडिया पर महिला की पहचान उजागर करने पर गिरफ्तार किया गया। ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने घटना के विरुद्ध परिसर में मार्च निकाला। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए समर्पित जगन्नाथ हॉल छात्रावास के विद्यार्थियों ने भी जुलूस निकाला। पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

# मौत का सौदा भी हैं एंटी एजिंग दवाएं

दो दिन पहले 'कांटा लगा' फेम गर्ल शेफाली जरीवाला की सिर्फ 42 की उम्र में अचानक मौत के लिए एंटी एजिंग दवाओं को कारण माना जा रहा है। दरअसल, स्वास्थ्य से जुड़े कई जोखिमों के बावजूद सेलिब्रिटीज और संपन्न लोगों में एंटी एजिंग दवाओं का उपयोग बेहद आम हो चुका है। यही वजह है कि पूरी दुनिया के साथ भारत में भी एंटी एजिंग दवाओं और सप्लीमेंट्स का बाजार तेजी से उभर रहा है। एंटी-एजिंग दवाएं असल में ऐसी दवाएं, हार्मोन या सप्लीमेंट्स होते हैं जो उम्र के असर को धीमा करने, त्वचा को जवान बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक क्षमता को बनाए रखने का दावा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में एंटी-एजिंग और एस्थेटिक मेडिसिन से जुड़े कई क्लीनिक और हॉस्पिटल तेजी से बढ़े हैं जो आधुनिक तकनीकों के साथ हार्मोन थेरेपी, स्किन रीजुवेनेशन और एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स की सेवाएं प्रदान करते हैं।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण

चूहों पर एंटी एजिंग दवाओं का प्रयोग कुछ हद तक सकारात्मक रहा है और उनकी उम्र लंबी हुई है। मानव पर इसका परीक्षण बेहद सीमित है, कोई निष्कर्ष भी सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं इस मामले में सावधानी अपनाने की सलाह देती हैं।



## मौत की घटनाएं

यूएस, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे कुछ देशों में मौत की घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। कुछ मामलों में दवाओं में अनएप्रूव्ड कंपाउंड्स पाए गए तो कुछ मौत इन दवाओं की ओवरडोज से हुई। भारत में इन दवाओं के दुष्प्रभावों की घटनाएं कम ही रिपोर्ट हुई हैं। हालांकि स्किन लिफ्ट या हार्मोनल थेरेपी के बाद एलर्जी और दिल के रोगों की शिकायतें दर्ज हुई हैं।

## दुनिया भर में जवां रहने की चाहत

एंटी एजिंग दवाओं का बाजार दुनिया भर में हैं। अमेरिका में ये दवाएं बेहद प्रचलित हैं जहां 40 पार के लोग आम तौर पर इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद को फिट दिखाना चाहते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश न सिर्फ एंटी एजिंग उत्पादों में अग्रणी हैं बल्कि यहां इन दवाओं की युवाओं तक में खपत है। यूरोप में उच्च आय वर्ग इन दवाओं का मुरीद है। भारत में यह बाजार मध्यम स्तर का है। एंटी एजिंग दवाओं की खपत शहरी क्षेत्रों में ही है और 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग के लोग इसके दायरे में हैं।

## 68 बिलियन डॉलर का बाजार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एंटी एजिंग दवाओं का बाजार फिलहाल 68 बिलियन डॉलर का है जिसके सन् 2029 तक 93 से 120 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में यह मार्केट अनुमानित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये का है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 9 से 11 प्रतिशत है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के मेट्रो शहरों में एंटी-एजिंग क्लीनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बायोटेक स्टार्टअप्स और हिमालया व पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक कंपनियां भी इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

## जोखिम उठाने को तैयार लोग

एंटी एजिंग दवाएं और हार्मोन का लंबी अवधि तक उपयोग खतरनाक हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह के लिए इनका उपयोग जोखिम और बढ़ा देता है। अपच, दिल की धड़कन अनियमित होना, चेहरे पर सूजन, हार्मोनल असंतुलन और विटामिन बी 12 की कमी इनके सामान्य जोखिम हैं लेकिन इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ना, संक्रमण का खतरा, कैंसर का जोखिम और दिल की बीमारियां इनके घातक दुष्परिणाम होते हैं। हालांकि लोग फिर भी ये जोखिम उठाते हैं।

## एक नजर

### इटली में तकनीकी खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कईं शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुई। इसके कारण मिलान, बर्गामो, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गईं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। तकनीशियन अभी भी हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का कमांडर

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गए हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गई। यह ऑपरेशन इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के साथ मिलकर किया गया था। सेना के अनुसार अल-ईसा हमास के सैन्य विंग के संस्थापक सदस्य थे।

### कोलकाता में उतरा तोक्यो से दिल्ली आ रहा विमान

**नई दिल्ली।** तोक्यो के हनेडा हवाई अड्डे से दिल्ली आने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान को केबिन में लगातार गर्म तापमान के कारण कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया। एअर इंडिया ने कहा कि विमान को कोलकाता में सुरक्षित उतारा गया। यात्रियों को जल्द से जल्द दिल्ली पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। एअर इंडिया ने कहा, 29 जून को हनेडा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई357 को केबिन में लगातार गर्म तापमान के कारण एहतियातन कोलकाता की ओर मोड़ दिया गया। विमान की जांच की जा रही है।

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पारित

## दो रिपब्लिक सांसदों ने डेमोक्रेट्स के साथ किया विरोध, ट्रंप ने बिल पास होने को बताया एक बड़ी जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को 51-49 के बहुमत से पारित कर दिया है। इसे आगामी चार जुलाई की छुट्टी से पहले पारित होने पर एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

सीनेट में शनिवार देर रात 940 पन्नों का यह विशाल विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हो गया। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दो रिपब्लिक सांसदों ने आश्चर्यजनक रूप से डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस विधेयक का विरोध किया। मतदान के बाद अब इस कानून पर औपचारिक बहस शुरू हो गई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, फिजूलखर्ची को कम करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, सेना/सैन्यकर्मियों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने सदन और सीनेट रिपब्लिकन से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि यह निर्धारित चार जुलाई की समय सीमा तक उनके डेस्क पर हस्ताक्षर के लिए आ जाए। यह वही विवादास्पद विधेयक है, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच सार्वजनिक रूप से मतभेद पैदा हो गए थे। यह कानून ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थाई बना देगा, टिप्स और ओवरटाइम पर कर को समाप्त करेगा, सीमा सुरक्षा निधि को बढ़ावा देगा और बिडेन प्रशासन के दौरान पारित ग्रीन-एनर्जी टैक्स क्रेडिट को समाप्त कर देगा।

इस विधेयक का उद्देश्य ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाना, रक्षा और सीमा सुरक्षा पर खर्च को बढ़ावा देना और कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन में कटौती करना शामिल है। डेमोक्रेटिक सीनेट नेता चक शूमर ने इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने के लिए रिपब्लिकन की आलोचना की। प्रतिनिधि सभा ने मई में इस विधेयक के एक संस्करण को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यदि सीनेट इसे पारित कर देती है,तो अंतिम अनुमोदन के लिए यह बार फिर सदन में आएगा और अंत में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद यह बिल देश में लागू हो जाएगा।



### ट्रंप के नए आर्थिक एजेंडे का आधार है ये बिल

यह विधेयक ट्रंप के आर्थिक एजेंडे का आधार है, जिसका उद्देश्य कर कटौती को मजबूत करना और रक्षा तथा सीमा व्यय को बढ़ावा देना है। इसके पारित होने से अमेरिकी राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कर दरों और स्लैब को स्थायी बना दिया जाएगा। इसमें डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी वादों के अनुरूप कई अस्थायी कर छूटों की भी पेशकश की गई है, जैसे टिप्स , ओवरटाइम वेतन और कुछ मोटर वाहन ऋणों पर करों को समाप्त करना। इसके अतिरिक्त, 75,000 डॉलर या उससे कम वार्षिक आय वाले वृद्धों के लिए 6,000 डॉलर की नई कटौती शामिल है। इसमें पेंटागन के लिए जहाज निर्माण, युद्ध सामग्री प्रणालियों, तथा सैन्यकर्मियों के लिए जीवन की गुणवत्ता के उपायों के लिए अरबों डॉलर उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कानून बनने के बाद यह गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के विकास के लिए 25 अरब डॉलर उपलब्ध कराएगा। रक्षा विभाग के पास सीमा सुरक्षा के लिए 1 बिलियन डॉलर होंगे।

## मस्क ने फिर साधा ट्रंप पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां और उद्योग

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताई है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक राष्ट्रपति ट्रंप की कर योजना की एक बार फिर आलोचना करते हुए विधेयक को 'पूरी तरह से पागलपनपूर्ण और विनाशकारी' कहा। अरबपति उद्योगपति ने कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक "रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या" होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।



# ऑपरेशन सिंदूर: शुरू में था पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमला न करने का आदेश

● इंडोनेशिया में भारतीय रक्षा अताशे की टिप्पणी पर विवाद, कहा- इसी वजह से खोने पड़े लड़ाकू विमान

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडोनेशिया में भारतीय रक्षा अताशे की इस टिप्पणी से विवाद खड़ा हो गया है कि भारतीय वायुसेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रारंभिक चरण में अपने लड़ाकू विमानों का इसलिए नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि उसे पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला न करने और सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने का आदेश दिया गया था।

रविवार को कैप्टन शिवकुमार की 10 जून को की गई टिप्पणियों का कथित वीडियो सामने आने पर इंडोनेशिया स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि अधिकारी ने केवल यह कहा था कि भारतीय सशस्त्र बल भारत के कुछ पड़ोसी देशों के विपरीत, राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। भारतीय नौसेना अधिकारी कैप्टन शिवकुमार पाकिस्तान-भारत युद्ध के दौरान वायु शक्ति के परिप्रेक्ष्य में जकार्ता के एक विश्वविद्यालय में आयोजित एक संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

भारतीय दूतावास ने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा अताशे की टिप्पणी को संदर्भ से इतर उद्धृत किया गया है। टिप्पणी में बताया गया कि भारतीय सशस्त्र बल, हमारे पड़ोस के कुछ अन्य देशों के विपरीत, राजनीतिक नेतृत्व के अधीन काम करते हैं। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना था। भारतीय रक्षा अताशे ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व के आदेश के कारण कुछ 'बाधाओं' के मद्देनजर भारतीय वायुसेना शुरू में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला नहीं कर सकी। हमने कुछ विमान खो दिए।

### कांग्रेस ने सरकार पर लगाया देश को गुमराह करने का आरोप

कांग्रेस ने सरकार पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने रविवार को कैप्टन शिवकुमार की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय वायु सेना को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के हाथों अपने लड़ाकू विमानों का नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस ने सरकार पर इस मामले में देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

# आयात शुल्क पर रोक 9 जुलाई से आगे बढ़ाने की योजना नहीं

● अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में किया साफ

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी अधिकांश देशों पर लगाए गए शुल्क के अमल पर 90 दिन की रोक की मियाद नौ जुलाई से आगे बढ़ाने की योजना नहीं है, क्योंकि इस तारीख को उनके द्वारा निर्धारित वार्ता अवधि समाप्त हो जाएगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि नौ जुलाई के बाद उनका प्रशासन देशों को सूचित करेगा कि शुल्क तब तक प्रभावी रहेंगे जब तक कि अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं हो जाता। उन्होंने कहा कि समय सीमा समाप्त होने से पहले ही पत्र भेजे जाने शुरू हो जाएंगे। ट्रंप ने फॉक्स न्यूज चैनल के 'संडे मॉर्निंग फ्यूचर्स' कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को रिकॉर्ड किए गए और रविवार को प्रसारित किए गए साक्षात्कार में कहा, हम देखेंगे कि कोई देश हमारे साथ कैसा व्यवहार करता है। कुछ देशों के बारे में हमें परवाह नहीं है, हम बस उच्च शुल्क का पत्र भेज देंगे। ट्रंप प्रशासन ने 90 दिनों में 90 व्यापार समझौते करने का लक्ष्य रखा था। ट्रंप ने कहा, बातचीत जारी है, लेकिन सभी 200 देशों से आप बात नहीं कर सकते।

### ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान

**तेल अवीव।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो।

# अमेरिका में शादी करने गई भारतीय युवती लापता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी राज्य में परिवार की रजामंदी से विवाह करने पहुंची भारतीय युवती लापता हो गई है। न्यूयॉर्क पोस्ट अखबार की खबर के मुताबिक 24 वर्षीय सिमरन 20 जून को भारत से अमेरिका आई थी।

पुलिस ने बताया कि निगरानी फुटेज में महिला अपने फोन को देखती हुई और किसी का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही है। न्यूजर्सी की लिंडनवोल्ड पुलिस को बुधवार को सबसे पहले सिमरन के लापता होने की जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि वीडियो में वह किसी परेशानी में नहीं दिख रही थी। जांचकर्ताओं को बताया गया कि वह परिवार की रजामंदी से शादी के लिए आई थी। हालांकि, संभव है कि उसका शादी करने का इरादा न हो और वह केवल अमेरिका की यात्रा करना चाहती हो।

## चुनाव से पहले पटना जाम



पटना के जेपी गंगा पथ पर रविवार को हजारों वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले यह जाम पटना में इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ वक्फ बचाओ रैली की वजह से लगा था। रैली में गठबंधन के कई दलों ने हिस्सा लिया। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ भी उमड़ी। **एजेंसी**

### पाकिस्तान में बारिश के दौरान 38 मरे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में 26 जून को मानसून की शुरुआत होने के बाद से वर्षा जनित हादसों में कम से कम 38 लोगों की मौत हुई है और 63 अन्य लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि मूसलाधार बारिश से 78 घर भी नष्ट हुए हैं और 30 मवेशियों की मौत हुई है।

### एविन जेल पर इजराइली हमले में मारे गए थे 71 लोग

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका ने कहा कि तेहरान की एविन जेल पर गत सोमवार को इजराइल के हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'मिजान' की वेबसाइट पर रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी सैन्य प्रमुख का दावा नकारा

● असीम मुनीर ने भारत पर हमलों के लिए अफगानी क्षेत्र के प्रयोग का लगाया था आरोप

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भारत अफगानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है।

टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ कोई कार्रवाई के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है। फिलहाल किसी को कोई खतरा नहीं है और एक पक्ष को दूसरे के खिलाफ बढ़ावा दिए जाने संबंधी चिंताएं निराधार हैं। इस्लामिक अमीरात अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है और पड़ोसी देशों के खिलाफ असुरक्षा पैदा करने के लिए अफगान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देता है।

पाकिस्तान के साथ संबंध हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं और ये आपसी हितों पर आधारित होने चाहिए। हम दोनों देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं और विदेशी मामलों में तटस्थ, गैर-हस्तक्षेपवादी नीति का पालन करते हैं। असीम मुनीर ने इस्लामाबाद में दावा किया था कि अफगानिस्तान की जमीन से भारत समर्थित समूह पाकिस्तान के खिलाफ काम कर रहे हैं।

# लद्दाख : एलएसी के नजदीकी 52 गांव आरक्षित क्षेत्र घोषित

**लेह/जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के प्रशासन ने चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे 52 गांवों को आरक्षित क्षेत्र घोषित किया है ताकि चिह्नित इलाकों के निवासियों को भर्ती और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण का लाभ मिल सके।

रविवार को आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि लद्दाख प्रशासन ने लद्दाख आरक्षण (संशोधन) विनियमन, 2025 के प्रावधानों के तहत एएलसी से सटे इलाकों को विशिष्ट क्षेत्र घोषित करने के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी करके एक और उपलब्धि हासिल की है। अधिसूचना के अनुसार, इसमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ स्थित लेह जिले के 18 राजस्व गांव और एलओसी से सटे कारगिल जिले के 34 राजस्व गांव शामिल हैं।

## चिंताजनक


### एचपीवी संक्रमण बन रहा है सर्वाइकल, ओरल और ऑरोफरीजियल कैंसर की वजह

# मस्सों के संक्रमण से भारतीय युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के केस

● दशकों में विकसित होने वाले दूसरे कैंसरों के उलट चुपचाप और तेजी से बढ़ता है ये कैंसर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल कदम न उठाने पर भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा।



नई दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और जागरूकता से पूरी तरह टाला जा सकता था। डॉ. गुप्ता ने कहा, सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, लेकिन लोगों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है। दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी संबंधी कैंसर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच से रोकथाम को किसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान तत्परता से लिया जाना चाहिए।

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम गर्ग ने कहा, एचपीवी संबंधी कैंसर के लक्षण शुरू में बहुत अधिक नहीं दिखते, इसलिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। बिना किसी लक्षण वाली कम उम्र की महिला के गर्भाशय ग्रीवा में पहले से ही कैंसर की कोशिकाएं मौजूद रह सकती हैं। इसी तरह, पुरुषों में मुख के एचपीवी संक्रमण पर अक्सर तब तक किसी का ध्यान नहीं जाता जब तक कि वे पूर्ण विकसित ट्यूमर के रूप में सामने नहीं आते। शिक्षा, टीकाकरण और नियमित जांच के बिना हम रोकथाम योग्य कैंसर को अनियंत्रित रूप से फैलने दे रहे हैं। वर्तमान में भारत में किशोरों के लिए कोई राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम नहीं है, हालांकि टीके स्वीकृत हैं और निजी संस्थानों में उपलब्ध हैं।

### त्वचा से त्वचा के संपर्क में आकर फैलता है ये वायरस

डॉ. गुप्ता ने कहा, यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है। शरीर स्वतः अधिकतर एचपीवी संक्रमणों को साफ कर देता है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले स्ट्रेन बने रह सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में, यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, जबकि पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से यह अब मुख, गुदा और गले के कैंसर से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञ भारत में एचपीवी से संबंधी चर्चाओं को लेकर जागरूकता की कमी और सामाजिक लोक लाज को लेकर अधिक चिंतित हैं।